Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 343 | मंगलवार, 16 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली-एनसीआर में घुट रहा दम! येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज यानी मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा एक खुशखबरी है कि दिल्ली एनसीआर में आज से हवाएं रफ्तार पकड़ेंगी, जिस वजह से प्रदूषण में कमी आ सकती है। दिल्ली-एनसीआर में दमघोंटू हवा से परेशानी को कोहरे और ठंड ने और बढ़ा दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज यानी मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा एक खुशखबरी है कि दिल्ली एनसीआर में आज से हवाएं रफ्तार पकड़ेंगी, जिस वजह से प्रदूषण में कमी आ सकती है।केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली की हवा में मानकों से लगभग साढ़े चार गुना ज्यादा प्रदूषण मौजूद है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई।जहरीली गैस से बचने के लिए लोगों ने एन95 मास्क का सहारा लेते नजर आए। इससे लोगों को आंख में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई। दूसरी ओर, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही।यहां एक्यूआई 447 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है।

## विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही 'ब्लैक वॉरंट'; जयदीप ने 'पाताल लोक 2' के लिए जीता अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** आज सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है।मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं।अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म उळफछ ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है। अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है। बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत-जॉर्डन एकजुट

# पीएम मोदी बोले- इस मुद्दे पर हमारी सोच साफ और स्पष्ट

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात में कहा कि भारत और जॉर्डन आतंकवाद के खिलाफ एक जैसी सोच रखते हैं। दोनों देशों ने व्यापार, रक्षा, कृषि, ऊर्जा और डिजिटल सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के दौरे के दौरान साफ शब्दों में कहा कि भारत और जॉर्डन आतंकवाद के खिलाफ एक जैसी और स्पष्ट सोच रखते हैं। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद, कट्टरपंथ और उग्रवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। 75 साल पुराने राजनयिक रिश्तों के बीच हुई यह मुलाकात भारत-जॉर्डन संबंधों को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर जॉर्डन पहुंचे, जहां उनका हुसैनिया पैलेस में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पहले दोनों नेताओं के बीच आमने-सामने बातचीत हुई, इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख को दोहराया और सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

### एमओयू और व्यापार लक्ष्य

भारत और जॉर्डन के बीच संस्कृति, नवीकरणीय ऊर्जा, जल प्रबंधन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और पेट्रा–एलोरा के ट्विनिंग समझौते समेत कई एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। पीएम मोदी ने बताया कि जॉर्डन भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार 2.8 अरब डॉलर का है, जिसे अगले पांच वर्षों में 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बंगाल में आज जारी होगी मसौदा मतदाता सूची



**कोलकाता।**

बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी होगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक कुल 58,20,898 लोगों के नाम काटकर मसौदा सूची बनेगी।

इनमें मृत, लापता, स्थानांतरित व फर्जी मतदाता शामिल हैं। मृत मतदाताओं की संख्या 24,16,852, लापता मतदाताओं की संख्या 12,20,038, स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 19,88,076 और फर्जी मतदाताओं की संख्या 1,38,328 हैं।इसके साथ उन 57,604 लोगों के नाम भी मसौदा सूची में शामिल नहीं रहेंगे, जिन्होंने गणना प्रपत्र भरा ही नहीं है। मालूम हो कि 27 अक्टूबर, 2025 तक बंगाल में मतदाताओं की कुल संख्या 7,66,37,529 थी, जबकि मंगलवार को 58,20,898 नाम काटने के बाद जो मसौदा सूची जारी होगी, उसमें 7,08,16,631 लोगों के नाम शामिल होंगे।

## भारत-यूएई रक्षा सहयोग को नई मजबूती, थलसेना प्रमुख से मिले यूएई के शीर्ष सैन्य कमांडर

**नई दिल्ली।**



भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए यूएई के प्रेसिडेंशियल गार्ड के कमांडर मेजर जनरल अली सैफ हुमैद अलकाबी ने सोमवार को थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की। बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने और सैन्य स्तर पर आपसी तालमेल को और गहरा करने पर चर्चा हुई। अधिकारियों के मुताबिक, यूएई के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ उच्चस्तरीय बातचीत भी की। इस दौरान उन्हें 'आपरेशन सिंदूर' और क्षेत्र में भारत की सुरक्षा से जुड़ी रणनीतिक दृष्टि के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय सेना ने इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने सैन्य से सैन्य संबंधों को मजबूत करने, क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति के प्रति साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। दौरे के दौरान मेजर जनरल अलकाबी को साउथ ब्लॉक के लॉन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे में टकराए वाहन, छह बसों और दो कारों में लगी आग, कई यात्रियों के मौत की आशंका

**मथुरा।**

मंगलवार रात करीब दो बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा की ओर जा रही छह बसें और दो कारें घने कोहरे में आपस में टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि सभी वाहनों में भीषण आग लग गी। आग लगने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कई यात्रियों ने बसों से कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन कई यात्रियों की आग की चपेट में आकर मृत्यु हो गई।एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा की लेन पूरी तरह जाम हो गई है।कितने यात्रियों की मृत्यु हुई है, अभी संख्या स्पष्ट नहीं है। यह घटना आगरा से नोएडा रूट पर थाना बलदेव के गांव खडेहरा के निकट माइल स्टोन 125 के निकट हुई है। बड़ी संख्या में दमकल और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है।राहत कार्य जारी है।एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचा जा रहा है।



## पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने पर अमित शाह ने दी टीम को बधाई

**नई दिल्ली।**




केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी और देश के लिए एक शानदार इतिहास रचने पर उनकी सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, ऱपहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने और देश के लिए शानदार इतिहास रचने पर टीम इंडिया को बधाई। आपकी अदम्य खेल प्रतिभा का प्रदर्शन, जिससे आपने सबसे मजबूत विरोधियों को भी हराया, हमारे नए टैलेंट के लिए प्रेरणा बनेगा।ऱ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पहले स्क्वैश वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने 'भारत को गर्व महसूस कराया है'। रविवार को चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में अपने घरेलू मैदान पर टॉप सीड हांगकांग-चीन को हराकर मेजबान भारत स्क्वैश वर्ल्ड कप चैंपियन बन गया। राष्ट्रपति कहा, भारत की स्क्वैश टीम को हार्दिक बधाई, जिसने पहली बार स्क्वैश वर्ल्ड कप जीता है।महिलाओं और पुरुषों वाली इस टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारत को गर्व महसूस कराया है, फाइनल में टॉप सीड टीम हांगकांग को हराया और सेमीफाइनल में मिस्र को हराया, जिसने हाल के सालों में दो बार कप जीता था।मैं भारतीय स्क्वैश के लिए बहुत उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में पिछले प्रदर्शन की निराशा को दूर करने के इरादे से उतरा।

## 'देवभूमि में नहीं चलेगा षड्यंत्र'

# सीएम धामी बोले- सरकारी जमीन पर कपड़ा डालकर कब्जा करना लैंड जिहाद

**देहरादून।**



देवभूमि उत्तराखंड में सुनियोजित षड्यंत्र के तहत लाल, हरा, पीला, नीला कपड़ा डालकर हजारों एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया। यह सुनियोजित षड्यंत्र ही लैंड जिहाद है, इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून में एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए विधि, व्यवस्था व संविधान के अनुसार कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया, उन्हें पहले नोटिस भेजे गए। कुछ लोगों ने कब्जे स्वयं ही हटाए।जब कानूनी प्रक्रिया पूरी हो गई तो अन्य कब्जे हटाए गए। अभी तक ऐसी 10 हजार एकड़ भूमि मुक्त कराई जा चुकी है।उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी को टारगेट करने जैसी नहीं है। साथ ही प्रश्न किया कि क्या सरकारी जमीन पर कब्जा करने को कोई भी उचित मानेगा।सरकार ने केवल अतिक्रमण ही हटाया है।उन्होंने कहा कि कहीं कपड़ा डालकर व धार्मिक अवसंरचना की आड़ में सरकारी भूमि को अतिक्रमित करना, पहचान बदलकर बहन बेटियों को बहला फुसलाकर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना कतई सहन नहीं किया जा सकता।यही नहीं, देवभूमि में देश-दुनिया से लोग आते हैं।

### वोट चोरी तो कांग्रेस ने की

मुख्यमंत्री ने एक प्रश्न पर कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है।कांग्रेस अब फेस सेविंग पर आ गई है।उन्होंने कहा कि अब जनता काम करने वालों को मौका दे रही है।झूठे नैरेटिव बनाने व झूठे नारे गढे वाले वोट चोरी करते थे।जो लोग घुसपैठियों को लाते थे, रोहिंग्या बसाते थे, तमाम जगह पर ऐसी शिक्षा दिलाते थे, जहां देशद्रोह पढ़ाया जाता था, उन्हीं लोगों ने वोट चोरी का काम किया।

## हरिद्वार से साधु-संतों का 27 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा प्रस्थान

# जापान में होगी साल 2026 की धर्म संसद



**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज के प्रांगण में सोमवार को आयोजित भव्य पट्टाभिषेक समारोह में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि वर्ष 2026 की धर्म संसद जापान में आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में हरिद्वार से साधु-संतों का 27-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जल्द जापान जाएगा। इस मौके पर 15 वर्ष पूर्व संत बने जापान के आदित्यानंद को श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की गई। इसके बाद उनका नाम महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि हो गया है।संत समाज ने वैदिक परंपरा के अनुसार चादर विधि और पुष्प वर्षा कर स्वामी आदित्यानंद गिरि का अखाड़े के महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया। स्वामी आदित्यानंद गिरि पहले बुद्धिस्ट थे और करीब 15 वर्ष पहले उन्होंने हिंदू में दीक्षा ली थी। 240 दिनों की कड़ी तपस्या के दौरान उन्होंने सिर्फ एक गिलास दूध पिया। सोमवार को पट्टाभिषेक कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी आदित्यानंद गिरि को आशीर्वाद प्रदान करते हुए अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि अखाड़ा परंपरा के अनुसार महामंडलेश्वर पद को सनातन धर्म में त्याग, तपस्या और गुरु कृपा का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है।लेकिन, यह केवल धार्मिक सम्मान नहीं, बल्कि धर्म रक्षा, समाज के मार्गदर्शन और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का दायित्व भी है।जूना अखाड़े के सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि ने कहा कि संत समाज पीढ़ियों से सनातन संस्कृति की पताका फहराने में अहम भूमिका निभा रहा है।

## संपादक की कलम से

# सिडनी में खूनी खेल

सिडनी में यहूदियों को निशाना बनाये जाने की घटना ने पहलगाम आतंकी हमले के जख्मों को हरा कर दिया। पहलगाम में भी आतंकियों ने लोगों को चुन-चुनकर मारा था। सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय की सभा पर हुआ हमला हमें इस क्रूरता की याद दिलाता है कि आतंकवादी आम जीवन के केंद्र में, प्रार्थना स्थलों और सुकून देने वाले स्थलों को ही अपना निशाना बनाते हैं। यह हिंसा उस हनुक्का उत्सव के दौरान की गई, जो अंधकार के साम्राज्य को प्रकाश से पराजित करने का संकल्प दर्शाता है। इस मायने में यह हमला क्रूरता की हद दर्शाता है। दरअसल, आस्ट्रेलिया लंबे समय से इस विश्वास के चलते शांति का अहसास करता रहा है कि तमाम वैश्विक संघर्षों से बनायी गई उसकी दूरी, उसे सुरक्षा प्रदान करती है। लेकिन इस घटना के बाद उसका भ्रम टूटा है। अब जाकर उसे यह अहसास हुआ है कि आतंकवादी अपने घातक मसूंबों को अंजाम देने के लिये हमारे ऐसे ही विश्वासों को तोड़कर हमले करते हैं। बॉन्डी के हमले ने न केवल आस्ट्रेलिया के भ्रम को तोड़ा है बल्कि उसे अपनी सुरक्षा नीतियों में बदलाव को बाध्य किया है। जैसा कि अपरिहार्य है, आस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने हमले को एक वैश्विक आतंकवाद के रूप में वगीर्कृत किया है। खासकर हिंसा के तौर-तरीके और वैचारिक मकसद को ध्यान में रखते हुए। यह वर्गीकरण इस बात को भी स्वीकार करता है कि हमला नफरत से प्रेरित हिंसा के एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा था,जो दुनिया के तमाम देशों में देखा जा रहा है। इस आतंकी घटना के बाद यहूदी समुदाय में दुख के साथ-साथ आक्रोश भी उमड़ रहा है। खासकर इस बात को लेकर कि यहूदी समुदाय द्वारा लंबे समय से दी जा रही चेतावनी के बावजूद आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी रवैये को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस प्रवृत्ति पर पहले से ही सतर्क निगरानी रखी गई होती तो शायद बॉन्डी के हमले को टाला जा सकता। निस्संदेह, आस्ट्रेलिया में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ही इस मुद्दे पर सार्वजनिक बहस तीखी और ध्रुवीकृत हो चली थी। हालांकि, यहां हुए अधिकांश विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन चरमपंथी विचारधारा का पोषण करने वाले मुट्ठीभर लोग भी घातक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं। यह हमला ऐसे मंसूबों की रोकथाम की सीमाओं को भी उजागर करता है। निस्संदेह, सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से आंतकी नेटवर्क की निगरानी समय रहते की जा सकती है। वे सही वक्त पर ही न केवल आने वाले खतरों का आकलन कर सकती हैं बल्कि साजिशों को नाकाम भी कर सकती हैं। लेकिन एक विसंगति यह भी है कि सार्वजनिक स्थानों पर अकेले हमले करने वालों को रोकना कुछ कठिन जरूर होता है। जैसे कि इस मामले में देखने में आया है। फिर भी, इस भयावह घटना के बीच एक साहस देखने को भी मिला। एक बहादुर राहगीर ने एक हमलावर को निहत्था करने के लिये अपनी जान भी जोखिम में डाली। हालांकि, वह इस प्रयास में घायल हुआ, लेकिन वह कई लोगों की जान बचाने में कामयाब हुआ। पूरी दुनिया में उसके साहस के लिये प्रशंसा हो रही है। संकट की घड़ी में ऐसा साहस आतंकवादियों की कायरता पर करारा प्रहार होता है और इससे आतंकवादियों के मंसूबे धरे रह जाते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## संजय एम तराणेकर

### एक बार फिर है चौकाया...

कविता

शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से है चौकाया,
बिहार से 'नितिन नबीन' का नाम हैं आया।
45 की हुई 'भाजपा' 45 साल के नए बॉस,
बिहार को आज हो रहा नाज वो भी खास।

युवा और ऊर्जावान नेता कार्यकारी अध्यक्ष,
आने वाले विधानसभा चुनाव आगे हैं लक्ष्य।
कर्मठ कार्यकर्ता व कल्पना क्षमता के धनी,
बाकीपुर पर है विश्वास जताया बात है घणी।

पार्टी व संघ के बीच समन्वय करना स्थापित,
चुनौतियां हैं बड़ी-बड़ी उन्हें पार पाना
ज्ञापित !संगठनात्मक अनुभव के भरपूर लेना है लाभ,
जनता की आकांक्षाएँ पूरी कर जमाइये धाक।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

### युवानेता नितिन नबीन बने कार्यकारी अध्यक्ष

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा



ललित गर्ग
वेलकम इंडिया



भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की ह्यचमत्कार करने वालीह्व संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफर अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं।

नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था।

भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

# भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में स्वदेशी निजी कंपनियों की महत्वपूर्ण भागीदारी



वीरेंद्र बहादुर सिंह

अंतरिक्ष क्षेत्र के निजीकरण से भारत आयातित सामग्री पर निर्भरता कम कर सकेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत को एक ग्लोबल स्पेस पावर के रूप में पहचान भी मिलेगी। हालांकि निजी कंपनियों को संवेदनशील तकनीक का हस्तांतरण होने से राष्ट्रीय हित को खतरा होने की आशंका भी बनी रहती है। उपग्रह डेटा की सुरक्षा के लिए सख्त साइबर सुरक्षा नीति होना भी अनिवार्य है।

क्या आपने कभी अंतरिक्ष में भ्रमण करने वाली शकुंतला के बारे में सुना है? कुछ वर्ष पहले जब अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने अपने न्यू शेपर्ड राकेट में सवार होकर 10 मिनट की अंतरिक्ष यात्रा की थी तो पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी। इसी तरह ब्रिटिश उद्यमी रिचर्ड ब्रैनसन जब बाह्य अंतरिक्ष की सैर कर लौटे तो उनके साहसिक अभियान को मीडिया में खूब प्रसिद्धि मिली।

लेकिन शकुंतला की कहानी को शायद ही अखबारों में सुर्खियों में जगह मिली। शकुंतला एक ऐसा उपग्रह है, जिसे बेंगलुरु स्थित एक स्टार्टअप पिक्सेल ने अपने प्रयासों से विकसित किया और स्पेस एक्स के राकेट के माध्यम से लांच किया। यह उपग्रह हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग तकनीक के जरिए जमीन पर या भूमिगत गैस पाइप लाइनों में होने वाले रिसाव का पता लगा सकता है। यह मिट्टी की गुणवत्ता तथा कृषि में होने वाले नुकसान का भी आकलन कर सकता है।

हाल के वर्षों में भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार द्वारा अनुकूल माहौल तैयार किए जाने से अब अधिक से अधिक निजी कंपनियां और स्टार्टअप्स लांच व्हीकल, उपग्रह और ग्राउंड आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आगे आ रहे हैं।

हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (ल्रअछ) के साथ-साथ गोदरेज एयरोस्पेस, लार्सन एंड टुब्रो (छ&ळ) जैसी कंपनियां सीधे इसरो के साथ जुड़कर अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री बना रही हैं। इसके अतिरिक्त, अग्निकुल कासमास और स्काय्रूट एयरोस्पेस जैसी कंपनियां छोटे उपग्रह, मध्यम आकार के राकेट और पुनः उपयोग योग्य लांच व्हीकल विकसित कर रही हैं। कुछ निजी कंपनियां उपग्रह से जुड़ी तकनीकों और स्पेस डेब्रिस मैनेजमेंट (अंतरिक्ष मलबे के निपटान) में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में स्काय्रूट एयरोस्पेस के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया, जिसके साथ भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू हुआ। इस अवसर पर कंपनी ने विक्रम-1 राकेट को सार्वजनिक किया, जो एक निजी कंपनी द्वारा निर्मित प्राइवेट लांच व्हीकल है। इसका नाम अंतरिक्ष विज्ञान के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है।

अंतरिक्ष विज्ञान में निजी कंपनियों को अवसर मिलने से भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। अन्य देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में भारत अब सक्षम होता जा रहा है। इसमें 2020 में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम निर्णायक सिद्ध हुए हैं।

सरकार ने इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड आथराइजेशन सेंटर (कठ-रढअउी) की स्थापना की, जिसका उद्देश्य निजी कंपनियों को अंतरिक्ष अनुसंधान में प्रोत्साहित करना और तकनीकी सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा इसरो के मार्गदर्शन में न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड की स्थापना के बाद लाइसेंस और अनुमतियों की प्रक्रियाएं सरल हो गईं। लांच व्हीकल बनाने से लेकर बड़े उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने जैसे जटिल कार्यों में भी अब निजी कंपनियों को सहायता मिलने लगी है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी निवेश प्राप्त करना और विदेशी कंपनियों के साथ सहयोग करना भी आसान हुआ है। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस ने भी उपग्रह निर्माण और लांचिंग में भूमिका निभाने की घोषणा की है।

अब तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम मुख्यतः इसरो केंद्रित था, लेकिन नई नीतियों के चलते बड़ी संख्या में निजी कंपनियां और स्टार्टअप्स आगे आ रहे हैं। अनुमान है कि अगले पांच वर्षों में भारत का स्पेस सेक्टर 50 अरब डालर तक पहुंच जाएगा। इससे आयात पर निर्भरता घटेगी और भारत को वैश्विक पहचान मिलेगी। भविष्य में निजी कंपनियां चंद्र, मंगल और शुक्र मिशनों में भी अहम भूमिका निभाएंगी।

वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने स्पेस टेक्नोलाजी से जुड़े जितने उत्पाद और सेवाएं निर्यात कीं, उससे 12 गुना अधिक आयात किया। इसमें कार्बन फाइबर, उन्नत सोलर सेल और अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री शामिल हैं। अब निजी कंपनियों के प्रोत्साहन से देश में ही स्पेस ग्रेड सामग्री और उपकरणों का निर्माण बढ़ रहा है।

अमेरिका, रूस और चीन जैसे देश भी अपने अंतरिक्ष अभियानों में निजी कंपनियों की भागीदारी लेते हैं, जिनमें स्पेस एक्स, ब्लू ओरिजिन और एरियन स्पेस जैसी कंपनियां शामिल हैं।

भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों का प्रवेश भले ही देर से हुआ हो, लेकिन अब यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में वैश्विक स्पेस इकोनामी 450 अरब डालर से अधिक की है, जबकि भारत की हिस्सेदारी मात्र 2 प्रतिशत (7 अरब डालर) है। आने वाले वर्षों में यह स्थिति बदलने की संभावना है।

आज भारत में 300 से अधिक स्पेस स्टार्टअप्स सक्रिय हैं। स्काय्रूट एयरोस्पेस की स्थापना 2018 में आईआईटी स्नातकों पवन चंदना और भरत ढाका ने की थी, जिन्होंने पहले इसरो में कार्य किया था। उनके द्वारा विकसित विक्रम राकेट पहला निजी लांच व्हीकल है, जो एक साथ कई उपग्रहों को अलग-अलग कक्षाओं में स्थापित कर सकता है।

हालांकि सरकार ने निजी कंपनियों के लिए कई रास्ते खोले हैं, फिर भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं, जैसे स्पष्ट स्पेस कानूनों का अभाव, तकनीक हस्तांतरण से जुड़ी सुरक्षा चिंताएं, साइबर सुरक्षा, बौद्धिक संपदा अधिकार, भारी पूंजी निवेश की आवश्यकता और लांच सुविधाओं के लिए इसरो पर निर्भरता।

इन सबके बावजूद यह कहा जा सकता है कि भारतीय निजी कंपनियां अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और अंतरिक्ष को एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं।

# नए साल का जश्न मनाने के लिए गोवा ही नहीं, भारत की इन 5 बेस्ट बीच पर जाएं

साल 2025 का आखिरी महीना दिसंबर धीरे-धीरे बीत रहा है। ऐसे में नए साल का वेलकम करने में अब ज्यादा दिन बचें नहीं हैं। इस दिन को अच्छे से बनाने के लिए लोग पार्टी करते हैं या कहीं घूमने जरुर जाते होंगे। नया साल आ रहा हो और बीच पार्टी की बात न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता है। अधिकत्तर लोग न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए गोवा ही जाना पसंद करते हैं। भारत में केवल गोवा ही नहीं, बल्कि कई और सुंदर बीच है जहां आप 2026 का वेलकम कर सकते हैं। आइए आपको भारत में कौन-कौन से बीच हैं, जहां आप नए साल का जश्न मना सकते हैं।

■ **गोकर्ण बीच, कर्नाटकः** यदि आप गोवा नहीं जाना जाता चाहते हैं, तो कर्नाटक का गोकर्ण सबसे बेहतरीन बीच में से एक जगह है। यहां पर ओम बीच, कुडले बीच और हाफ-मून बीच काफी लोकप्रिय हैं। नए साल के जश्न के लिए यहां पर कैफे सजते हैं, लाइव म्यूजिक चलता है और बोनफायर पार्टी का अलग मजा मिलता है।

■ **चेराई बीच, केरलः** केरल में कई सुंदर-सुंदर बीचेस पाई जाती है। यहां का चेराई बीच में नए साल की पार्टी के लिए बेस्ट हो सकता है। जो नेचर लवर्स है उनके लिए नया साल मनाने के लिए सबसे बेस्ट है। यहां पर आपको गोवा जैसी ही फीलिंग मिलेगी।

■ **वर्कला बीच, केरलः** केरल का वर्कला बीच भारत की सबसे खूबसूरत बीच में से एक है। यह जगह तिरुवनंतपुरम में स्थित है, जहां ऊंची-ऊंची चट्टानों से दिखाई देता गहरा नीला समुद्र मन मोह लेता है। समुद्र तट के किनारे बने खूबसूरत कैफे और न्यू ईयर की रात का शानदार माहौल इसे बेहद खास बना देता है। यहां की पार्टी नाइट्स, कैफे कल्चर और स्वादिष्ट सी-फूड का अनुभव वाकई अलग ही स्तर का होता है जो इस जगह को यादगार बना देता है।



■ **राधानगर बीच, अंडमान :** अंडमान अपने बेहद खूबसूरत समुद्र तटों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। भले ही यहां घूमने के लिए बजट थोड़ा ज्यादा रखना पड़े, लेकिन न्यू ईयर सेलिब्रेशन का अनुभव इसे पूरी तरह वसूल बना देता है। अंडमान का हैवलॉक आइलैंड स्थित राधानगर बीच खास तौर पर जाना जाता है, जिसे एशिया के सबसे सुंदर बीचों में शामिल किया जाता है और यहां का नजारा हर किसी का दिल जीत लेता है।

■ **मांडवी बीच, गुजरात :** यदि आप नए साल का जश्न के लिए बीच पर जाने का प्लान बना रहें, तो आप भारत की टॉप बीचेज प्लेसेस में से एक मांडवी बीच जा सकते हैं। यह बीच गुजरात में स्थित है। यहां पर आप सनसेट का सुंदर नजारा देख सकते हैं।

# कलेक्ट्रेट में वकीलों के बिस्तर तोड़े जाने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट में वकीलों के बिस्तर तोड़े जाने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सोमवार को सरकारी कार्यालय खुलते ही जोरदार प्रदर्शन किया।इस दौरान वकीलों के कई गुट अलग, अलग स्थानों पर अपना आक्रोश जाहिर करते दिखाई दिए। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने अपने साथियो के साथ जहां जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया तो वहीं विरोधी गुट ने पुलिस लाइन के सामने सड़क मार्ग जामकर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कारियो से बातचीत करते हुए जिला अधिकारी सीपी सिंह ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे। पुलिस लाइन के सामने जाम के दौरान सीजेएम की गाड़ी भी फंस गई जिसको वापस जाना पड़ा। हालांकि इस बीच दो एंबुलेंस को आक्रोशित वकीलों ने बेरियर हटाकर निकाल दिया। प्रदर्शनकारी वकीलों से जिलाधिकारी ने अपने चैंबर से बाहर आकर बातचीत की। बार एसोसिएशन के स्थानीय चुनाव के अलावा प्रदेश स्तरीय कमेटी के चुनाव के कारण अधिवक्ताओं के तोड़े गए बिस्तरों को लेकर राजनीति गर्मा गई है।जिला प्रशासन की कार्यवाही के खिलाफ आज अधिवक्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। एक दिन पूर्व जिला प्रशासन द्वारा चेंबर तोड़े जाने की कार्रवाई से नाराज अधिवक्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंच गए और जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के चेंबर तोड़ना प्रशासन की मनमानी और तानाशाही रवैये को दशार्ता है। उनका कहना है कि वर्षों से स्थापित चेंबर न केवल उनकी रोजी रोटी का साधन हैं बल्कि न्याय व्यवस्था की एक अहम कड़ी भी हैं।

ऐसे में प्रशासन द्वारा अचानक की गई यह कार्रवाई सीधे तौर पर अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों पर हमला है।प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर कानून के रखवालों को ही दरकिनार किया जा रहा है कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी के चलते काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके। सड़क पर जाम के चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## गायिका विदुषी वर्मा ने बाबा विश्वनाथ का स्वरों से किया अर्चना

**वाराणसीः-** काशी विश्वनाथ मंदिर के नवीनीकरण के चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शिवार्चनम सांस्कृतिक मंच पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उदीयमान गायिका विदुषी वर्मा ने भक्तिमय भजन प्रस्तुत कियो विदुषी ने गायन का आरंभ जय शिव शंकर,जय गंगाधर से किया तत्पश्चात विनती सुनिए नाथ हमारी गाकर वातावरण को भक्तिरस से सरोबर कर दियो मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी हर हर महादेव का उद्घोष कर विदुषी की भावपूर्ण गायन को सराहा विदुषी के साथ तबले पर ओम प्रकाश पांडेय, संवादिनी पर प्रवीण सिंह,बांसुरी पर ऋतिक शुक्ला एवं ऑक्टापैड पर विवेक सिंह ने सुमधुर संगति प्रदान किय कार्यक्रम के अंत में मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने विदेशी को अंग वस्त्रम एवं रुद्राक्ष की माल देकर आशीर्वचन प्रदान किया।

# जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों का तांता लगा रहा।दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ो मरीज अपना इलाज कराने जिला अस्पताल पहुँचे।जहां सुबह आठ बजते ही अस्पताल के पर्ची काउंटर में मरीजों की भीड़ लगने लगी। पर अस्पताल का ऑनलाइन सर्वर खराब होने से ऑनलाइन पंजीयन पर्चा सहित अन्य बिल सम्बन्धी ऑनलाइन कार्य नहीं हो पाने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।काफी देर तक मरीज ऑनलाइन व्यवस्था ठीक होने की राह देखते नजर आए।वही अस्पताल में ऑनलाइन कार्य करने वाले कर्मचारी भी लगातार कम्प्यूटर में नजरें गड़ाए परेशान नजर आए।काफी देर तक व्यवस्था ठीक नहीं होने पर मामले में जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ तपन शर्मा से अस्पताल स्टाफ और मरीजों ने इसके बारे में शिकायत की। जिसके बाद सीएमएस ने मरीजों को हो रही परेशानियों को देखते हुए ऑनलाइन व्यवस्था ठीक नही होने तक अस्थायी तौर पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके बाद व्यवस्था सुधरने तक ओपीडी पर्चे और अन्य कार्य हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराई गई।जिसके बाद मरीजों ने पर्चा कटने के बाद चिकित्सको से इलाज कराया।इस दौरान सीएमएस द्वारा मरीजों के उपचार हेतु उचित व्यवस्था कराने पर मरीजों सहित उनके तीमारदारों ने सीएमएस और अस्पताल प्रबंधन का आभार जताया।

## पार्क में घटिया सामग्री प्रयोग करने का मंडल अध्यक्ष ने लगाया आरोप ईओ से की शिकायत

**बुलंदशहर।** मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने पालिका द्वारा लाखों की धनराशि से कराए जा रहे पार्क के निर्माण में किए जा रहे भ्रष्टाचार व पीला व घटिया ईंटों के इस्तेमाल की इओ से शिकायत कर घटिया ईंटों की दीवार को दो दिन में ना उखड़ने पर जिला अधिकारी से शिकायत कर दोषी अधिकारियों व संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की दी चेतावनी बुलंदशहर सोमवार को मस्तराम गंगा घाट के निकट नगर पालिका अनूपशहर द्वारा भारी भरकम लाखों की धनराशि से कराए जा रहें अव्वल ईट के स्थान पर पीला व घटिया इटो के इस्तेमाल से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष मेरठ व जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने पालिका के अधिकांश कार्यों में भ्रष्टाचार बन्दर बाट व कमीशन खोरी के आरोपों के बीच अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गार्गी त्यागी से फोन पर शिकायत कर लाखों की धन राशि से निर्मित पार्क में अव्वल ईट के स्थान पर घटिया व पीला ईट व सामग्री का प्रयोग करने पर जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की व दो दिन में घटिया ईंटों से निर्मित चार दिवारी के ना उखड़ने पर जिला अधिकारी बुलंदशहर से शिकायत कर संबंधित निर्माण कार्य में लगे पालिका के अधिकारियों व संबंधित कार्रदायी संस्था को जांच कर ब्लैक लिस्ट करने की मांग की जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनूपशहर द्वारा तत्काल जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# निंबार्क संप्रदाय का प्रमुख केंद्र हैं आचार्य पीठ टोपी कुंज : श्रीश्री ललिताशरण देवाचार्य महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** रमणरेती-परिक्रमा मार्ग स्थित प्राचीन वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) में अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा आद्याचार्य अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य पीठाधिपति सद्गुरुदेव सनत्कुमार दास देवाचार्य महाराज का 47वां द्वादश दिवसीय स्मृति महोत्सव जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, श्रीमद्भक्तमाल, त्रिदिवसीय श्रीमहावाणी समाज गायन, अखंड श्रीमद्भागवत मूल परायण एवं अखंड श्रीयुगल महामंत्र का कीर्तन आदि के आयोजन हो रहे हैं। वन विहार के अध्यक्ष श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज ने कहा कि वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) श्रीधाम वृन्दावन का अत्यंत प्राचीन तथा निंबार्क संप्रदाय का प्रमुख केंद्र हैं।यह दिव्य स्थान अनेकों वर्षों से निंबार्क संप्रदाय के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 16 दिसंबर को मध्याह्न में संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा। महोत्सव में पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, महंत बाबा संतदास महाराज, साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया, महंत वृन्दावन दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज, महंत मोहिनी शरण महाराज, प्रख्यात साहित्यकार ॰यूपी रत्न॰ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, भागवताचार्य महावीर शरण शास्त्री, डॉ. राजेश सूद, डॉ. राधाकांत शर्मा, भागवताचार्य गोपाल भैया आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सीबीगंज पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी को भेजा जेल



वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** सीबीगंज थाना पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी उपरांत जेल भेज दिया।जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे वांछित वारंटी अभियान के क्रम में थाना सीबीगंज पुलिस ने क्षेत्र के गांव बंडिया निवासी इम्तियाज पुत्र मुख्तयार जो काफी समय से वांछित चल रहा था, उसे एक स्थान पर छापा मारकर हिरासत में ले लिया और पूछताछ के बाद लिखापढ़ी के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस मामले को लेकर सीबीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया है कि सीबीगंज क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जाएगा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अमेरिकी विश्वविद्यालय से सम्मानित हुए बुलंदशहर के डॉ हरिशंकर सेन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** प्रौढ़ शिक्षा में आजीवन सीखने के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टर हरी शंकर सेन को अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया द्वारा मानव दर्शनशास्त्र डायरेक्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान डॉक्टर सेन को शिक्षा को सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने वाले उनके कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 7 दिसम्बर को नई दिल्ली स्थित वेलकम आईटीसी होटल में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया था। समारोह में डॉक्टर सेन के कार्यों को समाज की अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचने की दिशा में प्रभावित कदम बताया गया उनके शोध में प्रौढ़ साक्षरता को आजीवन सीखने की प्रक्रिया से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर समाज के निर्माण पर विशेष बल दिया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद आज बुलंदशहर के नगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर सेन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि व्यक्ति को सोचने समझने में निर्णय लेने में सक्षम बनाना होना चाहिए उन्होंने प्रौढ़ शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया है। कार्यक्रम में डॉक्टर सेन का लोगों ने बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया।वही लोगों का कहना है कि यह सम्मान जनपद बुलंदशहर के लिए एक गर्व की बात है।

## भाकियू महाशक्ति के जिला कार्यालय पर गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बुलंदशहर भाकियू महाशक्ति के राष्ट्रीय कार्यालय बुलंदशहर पर ऋजुल कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के नेतृत्व में गरीबों को कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण कर सहायक पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि ठंड में सावधानी बरते बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखें साथ में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और प्रदेश मुख्य संयोजक नरेश प्रजापति, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिरोही जिला महामंत्री नटराज शर्मा चौधरी विक्रम सिंह फौजी तहसील सचिव ने मिलकर बांटे कंबल।

# रालोद ने छात्र सभा की कार्यकारिणी बैठक और छात्र संवाद किया

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर** डीएवी डिग्री कॉलेज बुलंदशहर में रालोद जिलाध्यक्ष पंकज चौधरी ने छात्र सभा जिला कार्यकारिणी की बैठक की और छात्रों के साथ संवाद किया और जयंत चौधरी की नीतियों और विचारों को युवाओं तक पहुंचाने पर जोर दिया और अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज प्रधान ने कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि छात्र और युवा ही संगठन की रीढ़ होते है जनपद में छात्रों और युवा वर्ग को पार्टी की विचार धारा और जयंत चौधरी के कुशल नेतृत्व में युवाओं के विकास के लिए समर्पित कार्यों को छात्रों के बीच रखा। प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय महासचिव प्रो भीष्म सिंह ने छात्रों को राष्ट्रीय लोकदल में जुड़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि युवा वर्ग देश को नई दिशा देता है जयंत चौधरी कौशल विकास के माध्यम से नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज प्रधान प्रोफेसर भीष्म सिंह युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुर्जर छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम चौधरी, डॉ मांगेराम खटीक रितिक ठाकुर बादल सिरोही हिना प्रिया सैनी सचिन कुमार राखी दुष्यंत आशीष गोलू सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया: बोबेश प्रभारी महिला सैल



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर सोमवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए। बोबेश प्रभारी महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 04 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# रीबॉर्न ट्रस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा ब्लड डोनेशन एंड अवेयरनेस ड्राइव 2025 के अंतर्गत रक्तदान एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




**चंदौली :-** रीबॉर्न ट्रस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा 15 दिसम्बर सोमवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय) में ब्लड डोनेशन एंड अवेयरनेस ड्राइव 2025 के अंतर्गत रक्तदान एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया जो स्वर्गीय रोहिताश पाल की पावन स्मृति को समर्पित रहो शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवाओं,महिलाओं, समाजसेवियों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय रोहिताश पाल के परिवार के सदस्य भी पूरे समय उपस्थित रहे और उनकी बेटी,उनके भाई तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने स्वयं रक्तदान करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए विधायक मुगलसराय चंदौली रमेश जायसवाल भी शिविर में पधारे और उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित रक्तदान की प्रेरणा दी नगर से वरिष्ठ समाजसेवी विक्की जुनेजा,सुनील जुनेजा, राजेन्द्र यादव,डिम्पल सिंह,अंकित पांडे एवं चंदौली प्रेस क्लब के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दियो रीबॉर्न ट्रस्ट के वालंटियर्स में विशेष रूप से अशुतोष सिंह,मुकेश जायसवाल,रवनीत सिंह,नितेश जैस, अफजल अली,विष्णु जैस,आशा कुमारी,अमनदीप कौर तथा श्रद्धा कुमारी की सक्रिय मौजूदगी रही जिन्होंने पंजीकरण, मेडिकल जाँच,रक्त संग्रहण और समग्र व्यवस्था संचालन में सराहनीय भूमिका निभाई शिविर की सबसे प्रेरणादायक विशेषता यह रही कि महिला रक्तदाताओं ने मुख्य रूप से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें ट्रस्ट की सक्रिय वॉलिंटियर अमनदीप कौर ने अपना पहला रक्तदान किया और समाज में यह संदेश दिया कि स्वस्थ महिलाएँ भी पूर्ण सुरक्षित तरीके से रक्तदान कर सकती हैं तथा अनेक ज़िंदगियाँ बचाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं रीबॉर्न ट्रस्ट उत्तर प्रदेश ने सभी रक्तदाताओं,अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे अभियानों के माध्यम से रक्त की कमी से किसी भी जरूरतमंद को अपना जीवन न खोना पड़े साथ ही रीबॉर्न ट्रस्ट के संस्थापक सतनाम सिंह (सोशल ऐक्टिविस्ट) के पुत्र ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मात्र 22 वर्ष की आयु में अपना छठा रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे नियमित रक्तदान के महत्व और जिम्मेदार नागरिकता का मजबूत संदेश गया यह रक्तदान शिविर रीबॉर्न ट्रस्ट उत्तर प्रदेश ने ठकऋअअ (नेशनल इंटिग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया, जो देशभर में स्वैच्छिक रक्तदान और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने वाली अग्रणी संस्था है ।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झाँसी महानगर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) झांसी महानगर के तत्वावधान में दीनदयाल सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, कानपुर प्रांत के प्रांत अध्यक्ष डॉ. बृजेश मिश्रा एवं प्रांत मंत्री शिवराजे बुंदेला मौजूद रहे। कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक एवं समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं स्वागत मंत्री की भूमिका झांसी महानगर के युवा समाजसेवी एवं अभाविप के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयकरण सिंह ने निभाई।

कार्यक्रम में झांसी महानगर अध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सिंह एवं महानगर मंत्री सुयश शुक्ला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके उपरांत महानगर अध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सिंह ने प्रास्ताविकी भाषण देते हुए आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के लगभग 600 मेधावी विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर मंत्री सुयश शुक्ला द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष डॉ. संदीप सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लप्रतिभा किसी एक वर्ग की बपौती नहीं होती, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और उचित मंच प्रदान करने की होती है। कार्यक्रम में यह जानकारी भी साझा की कि उनके छोटे भाई विवेक सरावगी ने विपिन बिहारी महाविद्यालय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चुनाव लड़ते हुए अध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की थी। इस प्रकार डॉ. संदीप सरावगी स्वयं भी वर्षों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं आरएसएस के विभिन्न संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं और समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं।

## अल्ट्रासाउंड संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने अल्ट्रासाउंड सेंटर में पार्टनरशिप के नाम पर दिए गए रुपए डॉक्टर द्वारा वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी रज्जाऊला ने बताया कि उसके साले फैजान ने डॉक्टर कासिम नामक व्यक्ति को अल्ट्रासाउंड सेंटर में पार्टनरशिप करने के नाम पर तीन लाख रुपए दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि कई माह बाद आरोपी डॉक्टर अपना अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद कर फरार हो गया। जब पीड़ित के साले ने अपने रूपयों की मांग की तो आरोपी ने गाली,गलौज करने लगा।और रुपए देने से मना कर दिया। दोबारा रुपए मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है श्रीमद्भागवत महापुराण : धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी






**वृन्दावन।** ग्राम धौरेरा/राधा मोहन नगर स्थित मां धाम आश्रम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ गाजे-बाजे के मध्य निकाली गयी श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। जिसमें पीत वस्त्र पहने व सिर पर मंगल कलश धारण किए सैकड़ो महिलाएं साथ चल रही थी।साथ ही श्रीहरिराम संकीर्तन पर नृत्य करते हुए अनेकों भक्ति-श्रद्धालु शामिल हुए।

तत्पश्चात व्यासपीठ पर प्रख्यात भागवताचार्य धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि कलयुग में जीव के कल्याण के लिए यदि सबसे सरल उपाय कोई है, तो वो श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा है।इस ग्रंथ का श्रवण करने से धुंधकारी जैसा महापापी भी प्रेत योनि से मुक्त हो गया था।इसीलिए इस ग्रंथ को मुक्ति पंथ कहा गया है। धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन, मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।

पूज्य महाराजश्री ने कहा कि महर्षि वेदव्यासजी द्वारा रचित श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ ही नहीं अपितु स्वयं अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का वांग्यम्य स्वरूप है।इस ग्रंथ का श्रवण जो भी व्यक्ति जिस कामना से करता है, उसकी वो कामना निश्चित ही पूर्ण होती है।

इस अवसर पर आयोजन के मुख्य यजमान गोपाल चौरसिया, श्रीमती कौशल्या चौरसिया, श्यामपाल सिंह, पप्पू गौतम, महेश शास्त्री, हृदेश शास्त्री आदि की उपस्थिति विशेष रही।

## सार संक्षेप

### ईंट भट्टे पर लेबर ले जाने के नाम पर हजारों रुपए ठगी का आरोप



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी चार भाईयों ने भट्ठा ठेकेदार से हजारों ईंट भट्टे पर लेबर ले जाने व मजदूरी करने के नाम पर हजारों रुपए ले लिए। पीड़ित ठेकेदार ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, पुलिस जांच में जुटी हुई है। शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव महरमपुर निवासी मोहसिन ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी, कय्यूम , अय्यूब,अफसर,मन्नर पुत्र वाजिद ने पीड़ित से ईंट भट्ठे पर लेबर ले जाने के नाम पर पच्चास हजार रुपए दिए थे ईंट भट्टा ठेकेदार का आरोप है कई माह बीत जाने के बाद भी आरोपी ना तो उसके ईंट भट्टे पर काम करने के लिए गए और ना ही उनके रुपए वापस लौटाए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी रुपए मांगने पर पीड़ित के साथ गाली गलौज मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। सोमवार को पीड़ित भट्ठा ठेकेदार ने थाने पर पहुंचकर आरोपी चारों भाइयों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### जिला कार्यालय पर बांटी गई मिठाइयाँ, नए प्रदेश नेतृत्व के स्वागत में कार्यकर्ताओं में उत्साह




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष तथा पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिला कार्यालय पर हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो जमीन स्तर पर काम करने वाले सामान्य कार्यकर्ता को भी प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंचाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में बूथ अध्यक्ष से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक हर कार्यकर्ता को सम्मान और अवसर मिलता है।कविता माधरे ने आगे कहा कि नितिन नवीन युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से पार्टी को आगामी चुनावों में नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से प्रदेश में संगठन और अधिक सशक्त होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, मोहन सिंह, राजीव सिरोही, जिला उपाध्यक्ष श्यामेंद्र त्यागी, अमित शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पायल गुप्ता, मंजू गुप्ता, सचिन सिरोही, अमित टैंक, जतिन सिरोही, कुणाल चौधरी, मनोज गौतम, उदय कंसल, संजीव शर्मा, श्योदन सिंह, विश्वप्रकाश शर्मा, प्रमोद त्यागी, रविन्द्र चौधरी (सभापति, क्रय-विक्रय समिति), सुनील वर्मा (अध्यक्ष, दक्षिण मंडल) सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और नए नेतृत्व को बधाई दी।

### विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा

**सिकंद्राबाद।** बुलंदशहर/ विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत विधानसभा सिकंद्राबाद की खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17/12/2025 तथा 18/12/2025 को होना प्रस्तावित है। दिनांक 17/12/2025 को होने वाली विधाओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, जूडो तथा भारोतोल्लन शामिल हैं जिनका आयोजन वैदिक इंटर कॉलेज औरंगाबाद अहीर, गुलावठी में होगा। वहीं 18/12/2025 को फुटबॉल तथा बैडमिंटन की प्रतियोगिता का आयोजन आर०के० एजुकेशनल स्कूल, सिकंद्राबाद में होना प्रस्तावित है। सभी प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की जायेंगी। प्रतिभागी को आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## बीएड के छात्रों ने देवकी लघु वाटिका का किया भ्रमण




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पं.बद्री दत्त पांडे परिसर के वीएड संकाय के छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक कार्य के अन्तर्गत देबकी लघु वाटिका का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने वाटिका में वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा द्वारा रोपित विभिन्न दुर्लभ प्रजाति के पौधों सहित पर्यावरण संरक्षण में पौधों की महत्ता की विस्तृत जानकारी ली। वाटिका में संरक्षित विभिन्न विलुप्त प्रजाति पौधों का संरक्षण और उन्हें हरा भरा देखकर छात्रों ने उन पौधों की विस्तृत जानकारी ली।और उनके गुण धर्म के बारे में जाना।वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा द्वारा वाटिका क्षेत्र में लगाए गए पौधों और उनके संरक्षण हेतु देवकी लघु वाटिका की मेहनत लगन और पर्यावरण को संरक्षित रखने के योगदान कि छात्रों द्वारा सराहना की गई। वृक्ष मित्र मलड़ा ने सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण हेतु दैनिक कार्यों की तरह पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए अवश्य अपनों के नाम पर एक पेड़ रोपित कर उसका संरक्षण करने की बात कही।वृक्ष मित्र मलड़ा द्वारा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पौधों से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बीएड छात्र वाटिका से प्रभावित हुए और उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही।साथ ही छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई।

## जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से की मुलाकात

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का एक ज्ञापन उपमुख्यमंत्री को सौंपते हुए विशेष रूप से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति से अवगत कराया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी बनी हुई है, जिसके कारण ग्रामीण जनता को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शीघ्र ही चिकित्सकों व स्टाफ की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की मांग की।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला पंचायत अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि गोहरा सीएचसी सहित ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर जल्द ही आवश्यक डॉक्टरों एवं स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलाज की व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।मुलाकात के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने विश्वास जताया कि उपमुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद शीघ्र ही जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा और ग्रामीण जनता को राहत मिलेगी।

## राजकीय अस्पताल में गर्भवती से रिश्वत वसूली का आरोप, चिकित्सा अधीक्षक से शिकायत

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने राजकीय अस्पताल में गर्भवती महिला से इनाम व दवाइयों के नाम पर रिश्वत वसूले जाने का आरोप लगाते हुए चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सा अधीक्षक ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी दानिश पुत्र मोहसिन ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी मुस्कान नौ माह की गर्भवती है। शनिवार की शाम प्रसव पीड़ा होने पर उसने पत्नी को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स ने दवाइयों के नाम पर 500 रुपये की मांग की। रुपये देने से मना करने पर पीड़ित की पत्नी को दवा नहीं लगाई गई, जिससे वह प्रसव पीड़ा में तड़पती रही।पीड़ित का आरोप है कि मजबूर होकर उसे बाहर से 400 रुपये की दवाइयां लानी पड़ीं। इसके बाद प्रसव के पश्चात स्टाफ नर्स ने इनाम के नाम पर 1400 रुपये वसूल लिए, जबकि एंबुलेंस चालक द्वारा भी 100 रुपये की मांग की गई।

## पिटबुल डॉग का आतंक : मासूम पर हमला , गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पिटबुल डॉग ने घर के बाहर खेल रहे तीन वर्षीय मासूम पर अचानक हमला कर दिया। हमले में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करते हुए एंटी-रेबीज टीकाकरण कराया गया।

गांव डांगरोल निवासी नितिन का 3 वर्षीय बेटा नमन दोपहर के समय अपने घर के आंगन के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान परिवार के ही बाबा मदन के घर से निकले पिटबुल डॉग ने अचानक नमन पर झपट्टा मार दिया। कुत्ते के हमले से नमन के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं और वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद पिटबुल डॉग को काबू में किया और मासूम को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद परिजनों में दहशत का माहौल बन गया।घायल नमन की दादी मिथलेश और पिता नितिन कुमार उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बच्चे की हालत को देखते हुए आवश्यक उपचार किया और रेबीज से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर बताई जा रही हैगांव में पालतू खतरनाक नस्ल के कुत्तों को लेकर लोगों में चिंता और भय का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कुत्तों पर नियंत्रण जरूरी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। समाचार लिखे जाने तक मामले में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध करने पर मारपीट चार घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में शादी समारोह में बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ रहे दो युवकों का विरोध करने पर आरोपी बुलेट सवार युवकों ने एक व्यक्ति व उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति सहित तीन किशोर घायल हो गए। घायलों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी नसीम ने बताया कि बताया कि उनके पड़ोस में शादी समारोह का जश्न चल रहा था। और बारात में डीजे बज रहे थे। इसी दौरान दो युवक उसके भाई इरफान की शैलून की दुकान के बाहर बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ रहे थे। बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने पर उन्हें परेशानी हो रही थी इस दौरान विरोध किया तो आरोपी बुलेट बाइक सवार युवकों ने पीड़ित के चचेरे भाई आशू व उसके परिवार के, शाकिर,अयान,अमन, पर लाठी डंडों सहित धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शादी के जश्न में मारपीट होने से अफरा,तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और घायलों को उपचार के लिए नगर की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर आशु की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन कारोबारी पर लगा कब्जा करने का आरोप



वेलकम इंडिया

**झांसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट बाहर रहने वाले देवेंद्र कुमार गुप्ता ने झांसी आईजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ जमीन कारोबारी हमारी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं साथी वहां पर बने मंदिर पर भी कब्जा कर रहे है । क्षेत्रवासियों को मंदिर में पूजा पाठ करने में परेशानी आ रही हैं । क्षेत्र की जनता का कहना है कि यहां पर जमीन कारोबारी द्वारा मंदिर की तरफ बाउंड्री बना दी गई है जिस कारण हम क्षेत्रवासी पूजा पाठ करने में वंचित हो रहे हैं। प्रशासन से हम लोग की मांग है कि जो बाउंड्री बनाई गई है । उसको हटाई जाए साथी हम लोगों को मंदिर जाने के लिए रास्ता दिया जाए। देवेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि जो जमीन हमारी पुश्तैनी है उसे पर जमीन कारोबारी द्वारा कब्जा किया जा रहा है उस कब्जे को हटवाया जाए सोमवार की दोपहर पीड़ित और क्षेत्रवासी आईजी ऑफिस पहुंचे और आईजी से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मंदिर के आसपास पड़ी जगह पर कब्जा हटाने और क्षेत्र वासियों को मंदिर पहुंचने की रास्ता देने की मांग की है।

## कार्बन फैक्ट्री के प्रदूषण के खिलाफ भाकियू एकता शक्ति का जोरदार विरोध, डीएम गाजियाबाद को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**गाजियाबाद।** विजयनगर गाजियाबाद स्थित कार्बन फैक्ट्री से फैल रहे गंभीर प्रदूषण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) अमरीश चौहान एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एडवोकेट अक्षित शर्मा के कुशल नेतृत्व में, गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष राजेश गोयल, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गाजियाबाद देविंदर यादव तथा युवा जिलाध्यक्ष आरिफ अब्बासी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन प्रस्तुत किया।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि एबीएस कॉलेज के सामने स्थित कार्बन फैक्ट्री से लगातार हो रहे अत्यधिक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन के कारण क्षेत्र के नागरिक गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं।

फैक्ट्री के आसपास शिक्षण संस्थान और घनी आबादी होने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और क्षेत्र में रहना दूभर हो गया है।जिलाधिकारी गाजियाबाद की अनुपस्थिति में यह ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (एडीएम) गाजियाबाद को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे अमरीश चौहान प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, भाकियू एकता शक्ति एडवोकेट अक्षित शर्मा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, भाकियू एकता शक्ति राजेश गोयल महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद देविंदर यादव प्रदेश संगठन महामंत्री एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, गाजियाबाद आरिफ अब्बासी युवा जिलाध्यक्ष, गाजियाबाद पुलकित सिंघल जिलाध्यक्ष, गौतम बुद्ध नगर अभिषेक शर्मा युवा महासचिव, उत्तर प्रदेश अभिषेक राघव युवा नगर अध्यक्ष, दादरी विजयनगर क्षेत्र के स्थानीय निवासी एवं प्रतिनिधि भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति ने स्पष्ट किया कि संगठन आम जनता के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा।

## आईआईटी रोपड़ और डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय ने

# इनोवेशन और एक्सीलेंस के लिए स्ट्रेटेजिक कोलैबोरेशन की घोषणा की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रोपड़ ( आईआईटी रोपड़ ) और डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर ने एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर साइन करके एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की है। इस कोलैबोरेशन का मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट के एरिया में एकेडमिक और रिसर्च कैपेबिलिटी को मजबूत करना है। एमओयू पर साइन करने वालों में प्रो. राजीव आहूजा (डायरेक्टर, आई आई टी रोपड़), डॉ पुष्पेंद्र पी सिंह (डीन (सी ए पी एस), आई आई टी रोपड़), डॉ पीएन ऋषिकेशा (वाइस चांसलर, डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय), अजय प्रजापति (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर, डॉ केएन मोदी विश्वविद्यालय) शामिल रहे। इस कोलेबोरेशन में इनोवेशन से चलने वाली एजुकेशन और रिसर्च को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई कई खास पहलें शामिल हैं जिनमें एआई माइनर प्रोग्राम, जिसे इंडस्ट्री और एकेडमिक जरूरतों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, हैंड्स-ऑन लर्निंग और एडवांस्ड रिसर्च के लिए एक कटिंग-एज सीपीएस लैबोरेटरी की स्थापना, स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना, जिसमें इनक्यूबेशन सपोर्ट, फंडिंग सपोर्ट और एक्सपर्ट मेंटरशिप शामिल है। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट और कोलेबोरेटिव रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम भी इसमें शामिल किए गए हैं।

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस पार्टनरशिप के जरिए, दोनों इंस्टीट्यूशन का मकसद फ्यूचर-रेडी टैलेंट को बढ़ावा देना, इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देना और ऐसी टेक्नोलॉजिकल तरक्की को आगे बढ़ाना है जो असल दुनिया की चुनौतियों का सामना कर सकें।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि शहीद स्मारक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई

**बुलंदशहर।** सोमवार को भारत के प्रथम गृहमंत्री व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि कांग्रेस नेता व कार्यकताओं ने अनूपशहर में गंगा तट निकट शहीद स्मारक पर लगी सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति व शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि माल्यार्पण अर्पित कर सभा आयोजित की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव, उपाध्यक्ष सलाम खां, प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल को अनेकता में एकता अखंड भारत एक भारत की जनक बताते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य व उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेसियों से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर वर्तमान में उनके पद चिन्ह पर देश को व भारत की एकता खंडात को कार्य कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी को मजबूत कर सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों के साथ जुड़कर प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी जी के हाथ मजबूत करने आह्वान किया माल्यार्पण करने वालों में वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी, कौशल शर्मा, रिजवान कुरैशी, विशाल सभासद, राजेंद्र शर्मा, इंतजार अली प्रधान, राय सिंह प्रधान सहित आदि लोग सम्मिलित रहे।

# मुनीम से दिनदहाड़े तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूटे

वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास एनएच-9 हाईवे पर उस समय सनसनी फैल गयी।जब दोपहर यानी दिनदहाड़े एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने दादरी के एक आढ़त कारोबारी के मुनीम से 85 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाश चंद मिनटों में लूट कर हुए फरार इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गयी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसपी कुँवर ज्ञानेंजय सिंह व एएसपी विनित भटनागर सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने कलेक्शन एजेंट से हुई लूट की जानकारी की और फरार हुए बाइक सवार लुटेरों की तलाश में पड़ताल करनी शुरू कर दी।लेकिन देर शाम तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला है।पुलिस टीमों ने हाइवे के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने जल्द खुलासे करने का दावा किया है।क्या है पूरा मामला जानकारी के अनुसार गोपाल जी दादरी में आढ़त के बड़े कारोबारी हैं और उनके यहां अजय पाल सिंह मुनीम के रूप में कार्यरत हैं। अजय पाल सिंह सोमवार को कलेक्शन के लिए हापुड़ आए थे। यहां से उन्होंने दो जगह से जिसमें एक से 50 लाख और दूसरी जगह से 35 लाख रुपए का कैश लिया था।कैश को अजय पाल सिंह अपने पिट्ठू बैग में रखकर बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद में नवयुग मार्केट की तरफ जा रहे थे।जैसे ही अजय पाल सिंह हापुड़ में पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचे, तभी एनएच 9 हाईवे पर एक बाइक पर सवार होकर दो बदमाशों ने अजय पाल सिंह की बाइक में लात मार कर उन्हें गिरा दिया।जिससे वह घायल हो गए। इसी दौरान बदमाशों ने तमंचे के बल पर अजय पाल सिंह से 85 लाख रुपयों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए।सूचना मिलते ही एएसपी विनीत भटनागर तथा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस तलाश में जुटी पुलिस ने कलेक्शन एजेंट अजय पाल सिंह को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि पूछताछ के दौरान कलेक्शन एजेंट अजय पाल सिंह से 85 लाख रुपयों की लूट की वारदात होना सामने आई है।पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नगदी लेकर फरार हुए बाइक सवार लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है।

## सार संक्षेप

### समाजसेवी जितेंद्र नेहरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गांव गदाना में भाकीयू के वरिष्ठ एवं किसान राजनीति के मजबूत स्तंभ हरेंद्र नेहरा के बड़े भाई समाजसेवी जितेंद्र नेहरा की शोक सभा में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी, पूर्व विधायक राजपाल सिंह, किसान नेता राजवीर सिंह, मनोज कुमार, सुरेंद्र त्यागी, महताब अली, रामदुलार यादव ,प्रोफेसर जेपी यादव, राम आसरे शर्मा, सतपाल तेवतिया, अविनाश शर्मा, सुधीर वशिष्ठ, डॉक्टर पूर्व त्यागी, डॉ मित्तल, एमपी बंसल, राहुल त्यागी, सहित क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और ईश्वर से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शांति दें और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### थाना साउथ रोहिणी एसएचओ और उनकी जाबाज टीम ने लुटपाट के मामले को सुलझाया



वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला डीसीपी राजीव रंजन के प्रभावी निर्देशन में रोहिणी जिला पुलिस ने एक बार फिर अपनी बहादुरी जाबाज सतकर्ता और सहासीय का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। थाना साउथ रोहिणी की चौकस और एससचओ ज्ञानेश्वर सिंह और उनकी जाबाज टीम ने त्वरित कार्रवाई एवं सटीक ग्राउंड वर्क के दम पर लूट के मामले को सफलतापूर्वक मामले को सुझाया दो आरोपियों की गिरफ्तार किया गया साथ ही उसके पास से एक चाकू और लुटा गया मोबाइल फोन बरामद कर यह साबित कर दिया कि अपराधियों के लिए दिल्ली में कोई जगह नहीं है। लगातार पूछताछ सूझबुझ्ी रणनीति और मेहनत के दम पर की गई यह कार्यवाही आम जनता के सुरक्षा का भरोसा मजबूत करती है। रोहिणी जिला पुलिस को बेहतरीन कार्य के लिए रोहिणी जिला के लोगों ने तारीफ की।

# भारतीय किसान यूनियन( सर छोटू राम) में ब्रजवीर दहिया की ऐतिहासिक नियुक्ति

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पिछले दो दशकों से पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के अधिकारों की निरंतर लड़ाई लड़ने वाले जमीनी नेता ब्रजवीर दहिया को भारतीय किसान यूनियन( सर छोटू राम) का राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के किसानो और पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण समाज में जबरदस्त उत्साह और हर्ष का माहौल है।इस निर्णय को किसान हितों के लिए एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है।

ब्रजवीर दहिया ने अपने सार्वजनिक जीवन में पंचायतो के सशक्तिकरण किसान समस्याओं के समाधान ग्रामीण विकास और जन जागरूकता के लिए लगातार संघर्ष किया है।खेत से लेकर पंचायत और प्रशासनिक स्तर तक उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें किसनों की आवाज के रूप में स्थापित किया है। उनकी नियुक्ति से संगठन को उत्तर प्रदेश में नई ऊर्जा दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के राष्ट्रीय नेतृत्व ने विश्वास जताया है । कि ब्रजवीर दहिया के अनुभव संघर्षशीलता और संघटनात्मक क्षमता से किसान आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर नयी धार मिलेगी तथा उत्तर प्रदेश में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

नियुक्ति की खबर फैलते ही क्षेत्र के किसान पंचायत प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में बधाई संदेश भेज रहे हैं। जगह-जगह समर्थकों ने इसे किसानों की जीत बताते हुए खुशी जाहिर की है। ब्रजवीर दहिया ने इस दायित्व के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व और सभी किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा ईमानदारी और संघर्ष के साथ किसानों के हक सम्मान और भविष्य की लड़ाई को और तेज करेंगे ।

# बरेली कॉलेज में हंगामा : परीक्षा देने आए छात्रों की कहासुनी से मचा बवाल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बरेली कॉलेज परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब परीक्षा देने आए कुछ छात्रों के बीच अभद्र भाषा को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि कॉलेज प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और कथित तौर पर कुछ छात्रों की पिटाई भी हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरबीएमआई कॉलेज के बीबीए छात्र देव सिंह पुत्र राधवेन्द्र ने कॉलेज प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दिनांक 15 दिसंबर 2025 को वह परीक्षा देने बरेली कॉलेज पहुंचे थे। उसी दौरान कुछ छात्र कॉलेज परिसर में गाली-गलौज करते हुए निकल रहे थे। किसी प्रकार की मारपीट उसके द्वारा नहीं की गई, लेकिन अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जहां स्थिति और बिगड़ गई। इसी दौरान कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ ओपी राय, चीफ प्रॉक्टर आलोक खरे मौके पर पहुंचे। लेकिन प्रशासन द्वारा छात्रों को रोकने के प्रयास में हाथापाई की स्थिति बन गई। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने कुछ छात्रों की पिटाई भी कर दी। घटना के बीच आरोपी छात्रा ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचने की खबर मिलते ही कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। इसी बीच विवाद में शामिल मुख्य आरोपी छात्र मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

माफी मांगकर मामला शांत करने की कोशिश पुलिस के आने से पहले ही कुछ छात्रों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कॉलेज प्रशासन से माफी मांग ली। इसके बाद हालात पर काबू पाया गया, लेकिन कॉलेज परिसर में काफी देर तक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# भारी स्कूल बैग बच्चों के स्वास्थ्य पर बड़ा खतरा , शिक्षा मंत्रालय का आदेश सख्ती से हो लागू : आईपीए

वेलकम इंडिया अनिल कुमार



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ( आईपीए ) ने शिक्षा मंत्रालय (पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में जारी स्कूली बच्चों के स्कूल बैग के भार को कम करने संबंधी दिशा-निदेर्शों को शिक्षा सत्र 2026झ27 से जिले के सभी विद्यालयों में सख्ती से लागू कराने की माँग को लेकर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद को एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या के माध्यम से ज्ञापन दिया है।

आईपीए ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि मंत्रालय द्वारा कक्षा-वार स्कूल बैग के अधिकतम वजन की स्पष्ट सीमा निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है। इसके बावजूद जिले के अनेक विद्यालयों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे बच्चों को प्रतिदिन अत्यधिक भारी बैग ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा त्यागी ने कहा कि भारी स्कूल बैग बच्चों के भविष्य पर सीधा प्रहार है। कम उम्र में ही रीढ़, कंधों और गर्दन से जुड़ी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे, अब आवश्यकता है कि उन्हें कागजों तक सीमित न रखकर जमीन पर सख्ती से लागू किया जाए। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी कीमत पर समझौते का विषय नहीं हो सकता। वहीं आईपीए के उपाध्यक्ष श्री विनय कक्कड़ ने कहा कि अधिकांश विद्यालयों में बच्चों से अनावश्यक किताबें, कॉपियाँ और अतिरिक्त सामग्री प्रतिदिन मंगवाई जाती है। यदि समय-सारिणी और पाठ्यक्रम की उचित योजना बनाई जाए तो बैग का वजन स्वतः ही कम किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की माँग की, जिससे एक सकारात्मक और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर आईपीए टीम के राहुल शर्मा , अजय राय , जितेन्द्र कुमार अरोड़ा , टिल्लू चौधरी, अंकित चौधरी , सौरभ कुमार संतराज चौहान , विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे।

**केंद्र सरकार (2018) के अनुसार कक्षा-वार अधिकतम स्कूल बैग वजन**

| कक्षा | अधिकतम बैग वजन |
|---|---|
| कक्षा 1 से 2 | 1.5 किलोग्राम |
| कक्षा 3 से 5 | 3 किलोग्राम |
| कक्षा 6 से 7 | 4 किलोग्राम |
| कक्षा 8 से 9 | 4.5 किलोग्राम |
| कक्षा 10 | 5 किलोग्राम |

# बृजवासियों ने कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य पर लगाया आरोप



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बृजवासियों का कहना है कि अनिरुधाचार्य द्वारा दस लाख रुपए लेकर केबल अमीर व्रद्ध माताओं को वृद्ध आश्रम में दिया जाता है। गरीब माताओं को वृद्ध आश्रम में नहीं लिया जाता है कृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी और कुंज बिहारी पीठाधीश्वर इंदुलेखा तथा हिंदूवादी गुंजन शर्मा ने आरोप लगाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि अनिरुद्ध आचार्य के द्वारा केवल अमीर माताओं को ही आश्रम में स्थान दिया जाता है।

कभी वृंदावन परिक्रमा जाए तो देखेंगे कि परिक्रमा मार्ग में गरीब माताएं सर्दी में बिना कपड़ों के ठंड में सिकुड़ती रहती हैं, लेकिन कोई भी ऐसा आश्रम नहीं है जिसमें गरीब माताओं को स्थान दिया जाता हो।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** अजनारा इन्टीग्रिटी क्लब हाउस, राजनगर ऐक्सटेंशन, गाजियाबाद पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकप्रिय भाजपा नेता एवं पूर्व मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार शिव बहादुर सक्सेना (रामपुर), विशिष्ट अतिथि आनन्द कुमार जौहरी सेवानिवृत्ति गन्ना आयुक्त व अध्यक्ष अ भा क म उत्तर प्रदेश पश्चिम, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल श्री हर्षवर्धन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सार्वजनिक नीति वि वो इन्डिया एवं श्री रजनीश रंजन सिन्हा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अ भा क म रहे।

इनके साथ श्री अनिल सक्सेना महामन्त्री अ भा क म रामपुर रहे उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त गाजियाबाद जनपद के प्रतिभाशाली विशेष उपलब्धि प्राप्त व मेधावी चित्रांश छात्र छात्राओं को पुरस्कार व सम्मान एवं चार गरीब परिवारों को सभा की ओर आर्थिक सहायता (रुपये 5,100/- प्रति परिवार) प्रदान की गई। इसके साथ ही अपने कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष डा. आशीष सौरिखिया, उपाध्यक्ष विद्या भूषण सक्सेना, विनय सक्सेना (अजनारा), सुधीर स्वरूप भटनागर, प्रमोद सक्सेना, राजेन्द्र कुमार बिसारिया, अमित श्रीवास्तव, शरद वीर कुदेशिया, दीपक श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा सक्सेना, एस सी भटनागर, मनीष निगम, आरती निगम, आशुतोष श्रीवास्तव, अविनाश सक्सेना, आलोक सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, विकल कुलश्रेष्ठ, अनुरंजन श्रीवास्तव, सन्जू सक्सेना, अन्जू सक्सेना, आस्था सौरखिया, डा. संगीता सौरखिया, आर्ष जौहरी, रोशन श्रीवास्तव, बाबूलाल श्रीवास्तव एवं अनेक सैकड़ों की संख्या में चित्रांश आदि समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद भोजन की व्यवस्था रही।

# मोबाइल स्नैचिंग के मामले का सफल खुलासा, छीना गया मोबाइल फोन बरामद

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** उतर पश्चिम थाना जहांगीर पुरी की टीम द्वारा एक आरोपी गिरफ्तार।

आरोपी गोविंद गोलू एक आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में स्नैचिंग व चोरी के 04 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी द्वारा आसान पैसे कमाने के लालच में अपराध करना स्वीकार किया गया। थाना जहांगीर पुरी की टीम ने एक मोबाइल स्नैचिंग के मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी गोविंद गोलू पुत्र ईश्वर सिंह, निवासी ऋ-ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली, उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है तथा पीड़ित का छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया है। जांच में आरोपी गोविंद गोलू एक आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में स्नैचिंग एवं चोरी के 04 मामलों में संलिप्त रहा है। आरोपी ने आसान पैसे कमाने के लिए अपराध करना स्वीकार किया।

शिकायतकर्ता मनोज पुत्र बलबीर सिंह, निवासी ऋ-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने बताया कि दिनांक 12.12.25 को समय लगभग 13:15 बजे वह कुशल चौक, जहांगीर पुरी से अपने दो मोबाइल फोनों पर टेम्पर्ड ग्लास लगवाकर घर लौट रहा था। जब वह शनि मंदिर, ऋ-ब्लॉक, जहांगीरपुरी के पास पहुंचा, तभी एक स्थानीय युवक गोविंद गोलू पुत्र ईश्वर सिंह ने उसके हाथ से दोनों मोबाइल फोन छीन लिए और पास की झुग्गी बस्ती की ओर भाग गया। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर थाना जहांगीर पुरी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना जहांगीरपुरी में निरीक्षक सतविंदर सिंह, थाना प्रभारी, के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें हे.कां. अमरेश, हे.कां. विपिन, हे.कां. दिनेश एवं कां. योगेश शामिल थे। यह टीम सहायक पुलिस आयुक्त जहांगीरपुरी श्री योगेंद्र खोखर के निकट पर्यवेक्षण में कार्य कर रही थी।

जांच के दौरान घटना स्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई।

# डीएम कांडा में जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज, कांडा में जनता दरबार का आयोजन किया गया।डीएम आकांक्षा ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए सभी लोगों को जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।डीएम ने कहा कि जनता को बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था मिले इसके लिए सभी क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा समय समय पर जनता दरबार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जनता की मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार समीक्षा बैठक कर समस्याओं का शासन स्तर से भी निराकरण कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।जनता दरबार में कुल 63 शिकायतें दर्ज की गईं।जिसमे अधिकांश शिकायतों का डीएम द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया।जनता दरबार में विद्युत, पेयजल, सड़क, आपदा प्रबंधन, गैस-ईंधन, स्वास्थ्य, सिंचाई, वन एवं जंगली जानवरों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं। विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी विशेष रूप से असंतुष्ट दिखाई दीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधूरे अथवा त्रुटिपूर्ण एस्टिमेट्स एवं काम किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही अथवा त्रुटि पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में अलर्ट मोड पर रहते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।जनता दरबार में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों को पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करने, तथा किसी भी स्तर पर प्रकरण लंबित नही रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन यथार्थ एवं आवश्यकता के अनुरूप बनाए जाएं तथा सेवाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निष्ठा एवं परिश्रम के साथ कार्य करने, नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण करें तथा सक्रिय रहने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी शिकायतों का अनुपालन संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।इस दौरान एडीएम एन.एस.नबियाल, उपजिलाधिकारी ललित मोहन तिवारी,खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी, तथा समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों की कॉलोनाइजरों पर विशेष मेहरबानी

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** बहेड़ी कस्बे के मोहल्ला मोहम्मदपुर, शेरगढ़ चौराह, जाजूनागर सकरस रोड आदि जगह पर कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनियों काटी जा रहीं हैं जिसमें बिना विद्युत पोल लगाए बल्ली और बांस के सहारे विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन दिए जा रहें है। इस खेल में स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग के कर्मचारी और अवर अभियंता विशेष रूचि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

लंबी दूरी की परवाह किए बिना कागजों में कम दूरी दिखा कर विभागीय आदेशों को अनदेखा करते हुए काफी समय से मानकों के विपरीत अधिक दूरी होने पर भी घरेलू और कमर्शियल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिससे कॉलोनाइजरों और उस स्थान पर निवास करने वाले लोगों पर बिजली विभाग और उसके अवर अभियंता की तरफ से हो रही मेहरबानी पर कई सवाल उठ रहें हैं।विद्युत विभाग के स्थानीय कार्यालय के अधिकारी विभाग के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए बांस, बल्ली के सहारे कनेक्शन दे रहें हैं, जिससे विद्युत विभाग को भारी नुकसान हो रहा है। विभाग के नियमों की इस कदर धज्जियां उठाई जा रही है कि लगभग 600 से 700 मीटर तक लंबी दूरी पर कनेक्शन दे रखें हैं। इस तरह के लंबी दूरी वाले कनेक्शनों की केबल हल्की सी आंधी बारिश में नीचे लटकने लगती हैं, जिसकी वजह से कोई भी बड़ा हादसा कभी भी घटित हो सकता है।

बिजली विभाग और स्थानीय अवर अभियंता द्वारा किया जा रहा यह कार्य न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि इस कार्य में कोलोनाइजरों से सांठगांठ कर लाखों का भ्रष्टाचार होने के संकेत मिल रहे हैं।

वही इस मामले पर जब मौजूदा अवर अभियंता रमेश सैनी से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे समय में इस प्रकार के कोई भी कनेक्शन की स्वीकृति नहीं दी गई है, फिर भी मामला संज्ञान में आया है तो निश्चित तौर पर इसको देखा जाएगा और उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामले को लाया जाएगा, जिससे संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके। और विभाग को हो रहे नुकसान से बचाया जा सके।

# दौलतपुर कलां के शरीफ को मारपीट कर रजवाहे में फेंका

**बुगरासी।** थाना नरसेना के गांव दौलतपुर निवासी शरीफ को बुरी तरह मारपीट कर राजवाहे में फैंक दिया। गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया। हुआ यूं कि शरीफ के घर के बहार बाईक खडी थी तो उसको सफारी ने टक्कर मार दी। सफारी चालक सफारी लेकर मवई गांव की तरफ भाग गया।तभी शरीफ का पिता साबिर शिकायत करने मवई पहुचा तो वहां पर सफारी चालक रामनिवास शर्मा ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर तमंचे की बट से मारपीट कर घायल कर राजवाहे में फेंक दिया। साबिर के भाई ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। तभी घायल शाबिर को अस्पताल में भर्ती कराया। हालत को गंभीर देखते हुए इलाज कर रहे डाक्टर ने फौरन हायर सेंटर रैफर कर दिया। थाना प्रभारी वीरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित शरीफ की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बाल विवाह मुक्त भारत से संबन्धित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार एवं महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र के नेतृत्व में आज *बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान* के तहत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय चक दही खलीलाबाद में जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। बाल विवाह एक दीमक की तरह है जो एक स्वस्थ समाज को धीरे धीरे खोखला कर देता है, इस कुरीति को खत्म करने में हमारे संविधान ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का प्रावधान किया है जिससे इस कुरीति को मिटाया जा सके। बाल विवाह चाहे लड़का हो या लड़की दोनों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से नुकसानदेह है। बाल विवाह से बच्चों का चतुर्दिक विकास रुक जाता है, परिवार विघटित होने लगता है।

बच्चों को बताया गया कि अगर आपके आसपास लड़के या लड़की का बाल विवाह हो रहा तो आप 1098, 1090, 181 पर कॉल करके जरूर सूचित करें आपका परिचय गोपनीय रखा जाएगा, परंतु सूचना सही होनी चाहिए, आपके एक छोटे से प्रयास से किसी बालिका का भविष्य अंधकारमय होने से बच जाएगा। साथ ही साथ बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में सभी से सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम टीम ऊलएह और वन स्टॉप सेंटर द्वारा संचालित किया गया।

# लकड़ी का सामान व 50 टायर किये जब्त, दुकानदारों पर जुर्माना

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज निगम के अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कुतुबशेर चौक से लेकर रांघड़ों का पुल व टायर मार्किट होते हुए बूढ़ीमाई चौक तक अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 बडे. टायर व दुकानों के आगे रखा लकड़ी का सजावटी सामान तथा बोर्ड आदि जब्त किये गए। चार कबाड़ियों सहित दो दर्जन दुकानदारों का चालान करते हुए 27 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया।

नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम का अतिक्रमण रोधी दस्ता आज कुतुबशेर चौक से जैसे ही रांघड़ों के पुल की ओर बढ़ा अतिक्रमणकारियों में अफरा तफरी मच गयी। अनेक दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों के भीतर फेंक दिया। लेकिन अतिक्रमण हटाने से पहले निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों की वीडियोग्राफी करा ली गयी थी। ऐसे चार दुकानदारों से भी जुमार्ना वसूला गया जिन्होंने निगम की टीम को देखकर सामान दुकान में भीतर डाल लिया था। कुल दो दर्जन दुकानदारों के चालान कर 27 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि वीडियो में सड़क पर दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही दो गुणा जुमार्ना वसूला जायेगा। रांघड़ों के पुल से बूढ़ीमाई चौक की ओर जाते हुए टायर मार्किट से भी सड़क पर रखे गये करीब 50 टायर जब्त कर निगम लाये गए। इसके अलावा सड़क पर फैलाकर रखा गया लकड़ी नक्काशी का सामान, सड़क पर रखे बोर्ड तथा एक रेहड़ी भी जब्त की गयी। सड़क पर कूड़ा फैलाकर गंदगी करने वाले चार कबाड़ियों पर भी एक-एक हजार रुपये का जुमार्ना किया गया। कार्रवाई के दौरान सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्यार सिंह सहित अनेक जवान मौजूद रहे।

## मेला गुघाल क्षेत्र में ही लगाए फड या रेहड़ी

**सहारनपुर।** निगम के कर निर्धारण अधिकारी व अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने सभी दुकानदारों से मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि भगत सिंह मार्ग, नेहरु मार्किट, शहीदगंज, रायवाला आदि बाजारों में कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के आगे कोई फड़ या रेहड़ी नहीं लगवायेगा। अतिक्रमण प्रभारी ने कहा है कि यदि कोई वेंडर फड़ लगाता पाया गया तो उसका सामान जब्त कर जुमार्ना वसूला जायेगा तथा अपनी दुकान के सामने फड़ लगवाने वाले दुकानदार पर भी जुमार्ना किया जायेगा। उन्होंने शहर के सभी वेंडरों से कहा है कि मंगलवार को काई भी वेंडर उक्त बाजारों में फड़ न लगाकर मेला गुंघाल क्षेत्र में ही फड़ लगाये अन्यथा उसका सामान जब्त कर जुमार्ने की कार्रवाई की जायेगी।

# बहुचर्चित सोयपुर कांड में 16 आरोपित दोषमुक्त



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** बहुचर्चित सोयपुर शराब कांड में 16 आरोपित को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने इस मामले में आरोपित बचाऊ जायसवाल उर्फ विजय जायसवाल, राघवेंद्र उर्फ गबडू जायसवाल, सारिका गुप्ता, शिवभजन गुप्ता उर्फ बबलू, गोपाल राजभर उर्फ बिल्ली, राजकुमार जायसवाल, महेश जायसवाल, नवल चौहान, भोनू जायसवाल, अनिल पाण्डेय, संजय जायसवाल, विक्की उर्फ विकास जायसवाल, अल्लू उर्फ बब्लू जायसवाल, सुनील पाल चौहान, राहुल सिंह, राजेश प्रसाद गुप्ता को साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

अदालत में बचाऊ जायसवाल उर्फ विजय जायसवाल, राघवेंद्र उर्फ गबडू जायसवाल, सारिका गुप्ता, शिवभजन गुप्ता उर्फ बबलू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव, नरेश यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा।

**■ जहरीली शराब पीने से हुई थी 28 लोगों की मौत:** अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा दिनेश राजभर ने 17 फरवरी 2010 को कैंट थाने में तहरीर दिया था आरोप था कि उसके गांव की कमला देवी का देहांत के उपरांत उनका दाह संस्कार करके 16 फरवरी 2010 को उसके पिता लालजी राजभर तथा गांव के ही शिवचरण राजभर, लक्ष्मीना देवी, लालचंद राजभर, पांचू राजभर, बग्गा राजभर, बहादुर राजभर, राजकुमार राजभर, ज्ञानदास राजभर, प्रभु राजभर, गन्नू राजभर, हरिचरन राजभर, सुरेश राजभर, नंदू राजभर के साथ जाकर गोपाल, राजकुमार, महेश जायसवाल के यहां शराब पिये जो नवल चौहान, भोनू जायसवाल व अंबू देवी से शराब लाकर उसमें विषैला पदार्थ मिलाकर बेच रहे थे जिसे पीकर रात में ही मेरे पिता लालजी, शिवचरण और लक्ष्मीना देवी की मृत्यु हो गई जबकि अन्य लोग गंभीर अवस्था में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में उपरोक्त सभी आरोपितों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, गैंगस्टर समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था वही इस मामले में बाद में जहरीली शराब पीने से कुल 28 लोगों की मौत हो गई थी जिसके बाद इस मामले में काफी तूल पकड़ लिया था।

अदालत में अभियोजन की ओर से कुल दस गवाह परीक्षित कराए गए थे वही अदालत में विचारण के दौरान आरोपित जवाहर लाल जायसवाल, अंबू देवी, शम्भू सिंह व महेंद्र कुमार जायसवाल की मृत्यु हो जाने के चलते उनके खिलाफ मुकदमा की सुनवाई समाप्त कर दी गई थी।

# लूट की सूचना की जांच में मारपीट की घटना आने पर की गई विधिक कार्यवाही

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक जनपद संदीप कुमार मीना के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, हे0का0 छोटेलाल, का0 राजन यादव, का0 मनीष यादव ने सोमवार को अभियुक्तगण शिवम चौधरी पुत्र राजदेव चौधरी, जय हिन्द पुत्र बसन्त निवासीगण पिपराकला थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को डीघा बाइपास से गिरफ्तार किया।

**■ थाना कोतवाली खलीलाबाद पर दिनांक 09.12.2025 को प्राप्त लूट की सूचना की निकली झूठी**

दिनांक 10.12.2025 को वादी श्री साधु शरन मौर्या पुत्र श्री रामपियारे निवासी बेलवनिया वार्ड नं0 05 खलीलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर दिनांक 09.12.2025 को बेलवनिया जाते समय मंझरिया पशु बाजर के पास पहुंचने पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी को मारे पीटे व 20,000 रुपया छीन लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 1152/2025 धारा 115(2)/309(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। जांच के क्रम में लूट की घटना झूठी पायी गयी जिसके कारण धारा 304(4) बीएनएस विलोपित किया गया है तथा जांच में मार पीट की घटना मिलने पर धारा 351(3),352 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है।

# जिला कल्याण सिंह नगर बनाने को लेकर राजू भैया व उनके पुत्र संदीप सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विचार विमर्श किया

**वेलकम इंडिया**



**रामघाट/बुलंदशहर।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से बनाए जा रहे जिला कल्याण सिंह नगर को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह व उनके पिता एटा पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने लखनऊ में मुलाकात कर विचार विमर्श किया।

आपको बता दें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से जिला बनाने की मांग लेकर जिला कल्याण सिंह नगर नाम से जिला बनाया जा रहा है जिला बनाने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की शाम को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह व उनके पिता एटा पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया को लखनऊ बुलाकर विचार विमर्श किया गया यह जिला कल्याण सिंह नगर नाम से बनाया जायेगा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण के नाम से जिला बनने पर परिवार में तथा क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है यह जिला बुलंदशहर की तहसील डिबाई तथा अलीगढ़ की तहसील अतरौली व गंगीरी को जोड़कर बनाया जायेगा जिला बनाने को लेकर बुलंदशहर व अलीगढ़ के जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई। इस जिला के मुख्यालय को लेकर अतरौली व डिबाई के लोगों में जमकर रस्सा कसी चल रही है यह आने वाला समय ही बताएगा कि जिला मुख्यालय अतरौली में बनेगा या डिबाई में दोनों क्षेत्र लोगों में चचाओं का बाजार गर्म है लेकिन कुछ समझदार लोग यह भी कह रहे हैं कि जिला कल्याण सिंह नगर बनने के बाद जिला मुख्यालय कहीं भी बन जाए उससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं लेकिन कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेखने में लगे हुए हैं।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने खेल भावना का भव्य मंच सजाया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अनवरपुर, हापुड़ में स्मैश 2025 अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का भव्य, ऊजार्वान एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। यह तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता संस्थान के वॉलीबॉल मैदान में आयोजित की जा रही है। टूनार्मेंट का आयोजन लीग प्रारूप में किया गया है, जिसमें एनसीआर क्षेत्र के आठ प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज भाग ले रहे हैं और अपनी वॉलीबॉल प्रतिभा, खेल भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।उद्घाटन समारोह की शुरूआत रिबन काटने की औपचारिक रस्म के साथ हुई, जिसके माध्यम से टूनार्मेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह रस्म एन. वर्धराजन, जनरल मैनेजर, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज; रघुवर दत्त, निदेशक प्रशासन; डॉ. बरखा गुप्ता, प्रिंसिपल, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज; डॉ. (मेजर जनरल) चरणजीत सिंह अहलूवालिया तथा ब्रिगेडियर डॉ. आर.के.सहगल, वरिष्ठ सलाहकार के द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न कराई गई। यह क्षण संस्थान के सशक्त नेतृत्व, एकता और छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।रिबन कटिंग के उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलन किया गया। यह दृश्य अत्यंत प्रेरणादायी एवं जोश से भरपूर रहा, जिसने सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के खेल परिसर में ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया। मशाल प्रज्वलन ने स्मैश 2025 के आधिकारिक शुभारंभ की घोषणा करते हुए आगामी मुकाबलों के लिए रोमांचक वातावरण निर्मित किया।यह टूनार्मेंट सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन तथा सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। खेलों एवं सह-पाठ्य गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन देने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने संस्थान में अनुशासन, उत्कृष्टता, टीमवर्क और समग्र छात्र विकास की सशक्त संस्कृति को स्थापित किया है।स्मैश 2025 का सफल आयोजन सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की संपूर्ण नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी फैकल्टी सदस्यों, स्टूडेंट काउंसिल तथा आयोजन समिति की पूर्ण सहभागिता रही है। सभी के सामूहिक प्रयासों से टूनार्मेंट की सूक्ष्म योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और जीवंत खेल वातावरण सुनिश्चित हुआ है, जिससे प्रतियोगिता का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है।टूनार्मेंट की आयोजन समिति में डॉ. (ब्रिग) विनीत रस्तोगी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा, डॉ. राजेश भाटिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, अस्थि रोग; डॉ. ऋचा शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सामान्य चिकित्सा सहित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कई वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। यह समिति टूनार्मेंट की सभी तकनीकी, संचालनात्मक एवं व्यवस्थागत तैयारियों की देखरेख कर रही है, ताकि प्रतियोगिता निर्धारित खेल मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। सभी मैच अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल नियमों के अनुसार खेले जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक मुकाबला तीन सेट का होगा।

# रामपुर मनिहारान पुलिस अवैध नशे के खिलाफ कर रही लोगों को जागरूक

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह एवं एसएसपी आशीष तिवारी के दिशा निर्देशन पर सहारनपुर की पुलिस लगातार नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक कर रही है इसी कड़ी में कोतवाली रामपुर मनिहारान प्रभारी राधेश्याम यादव के द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं साथ ही नशे का जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता हैं उसके बारे में भी जानकारी दे रहे हैं इसके साथ ही बिना हेलमेट के यात्रा करने पर नुकसान के बारे में भी जागरुक कर रहे हैं उन्होंने लोगों से अपील की है की नशे के खिलाफ प्रशासन का सहयोग करें और अगर कोई नशे का सामान बेचता है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें उसकी जानकारी को गुप्त रखा जाएगा और नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथी उन्होंने कहा कि यात्रा करते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें इससे आपकी जान बच सकती है क्योंकि कोई घर पर आपका इंतजार कर रहा है यह सोचकर यात्रा करें।

# उपजाऊ मिट्टी का खनन रोकने को शिवसेना ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** शिवसेना यूबीटी जिलाध्यक्ष चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने उपजाऊ खेतों से खनन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि विकास खंड अफजलगढ के ग्राम हिदायतपुर चौहडवाला, जामनवाला, मीरापुर आदि में इन दिनों अवैध तरीके से उपजाऊ खेतों से मिट्टी निकालने का सिलसिला चल रहा है। जिसके कारण कृषि योग्य जमीन बंजर हो रही हैं। वहीं किसान पैसों की खातिर अपने खेतों से 5 फीट से अधिक गहराई के गढ्डे खोदवा रहे हैं। जबकि इस संबंध में न्यायालय का निर्देश है कि किसान ईंट भट्ठे के लिए तीन फीट से ज्यादा खेतों की मिट्टी नहीं निकलवा सकते। गहरी मिट्टी निकलने से पड़ोसी किसानों की भी खेती नष्ट हो रही है। खनन विभाग मिट्टी निकलवाने वाले किसानों और ईंट भट्ठों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ज्ञापन देने वालों में मण्डल प्रमुख एड. आर.के.आर्य एडवोकेट, जिला प्रमुख चौ. संजय राणा, हरपाल राणा, शमीम अहमद, मनवीर सिंह यादव,महेंद्र सिंह सिरोही, बलराम सिंह राठी, विजयलक्ष्मी रावत, राधिका देवी, गुरमीत कौर, प्रशांत राणा, आशुतोष, अलीखान एडवोकेट, यादराम सिंह, डॉ. चंद्रपाल सिंह, सरदार कुलदीप सिंह एवं रणवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की जनसुनवाई में असहायों को मिला रहा है त्वरित लाभ



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** ग्राम मुडियाखेड़ा, विकास खण्ड चमरौआ, तहसील सदर निवासी गरीब एवं भूमिहीन दिव्यांग दम्पत्ति पिताम्बर एवं उनकी पत्नी श्रीमती जानकी द्वारा जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को अपना प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया।

दम्पत्ति द्वारा अवगत कराया गया कि उनका आवास कच्चा है, जिससे वर्षा ऋतु में उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, चमरौआ को निर्देशित किया गया कि पात्रता सुनिश्चित करते हुए दम्पत्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्रदान कराया जाए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन परिसर में दिव्यांग दम्पत्ति को ट्राईसाइकिल भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें आवागमन एवं दैनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी द्वारा निरन्तर जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है तथा पात्र लाभार्थियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। शीत ऋतु के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई एवं प्रशासनिक स्तर पर असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को कम्बल वितरण कर राहत प्रदान की जा रही है।

# महाराणा प्रताप के वंशज डॉ लक्ष्यराज मेवाड़ का गांव फीना में हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** मेरा गांव मेरा अभिमान फीना एवं महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा मेवाड़ राजवंश के 77वें एकलिंग दीवान, महाराणा प्रताप के वंशज जी हुजूर डॉ लक्ष्य राज मेवाड़, प्रियंका मॉडर्न स्कूल धामपुर के 40 वे वार्षिकोत्सव सम्मेलन में जाते समय फीना गांव में रुके। मेरा गांव मेरा अभिमान एवं क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य द्वारा महाराणा प्रताप के वंशज का भव्य स्वागत किया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रथम बार मेवाड़ राजवंश उदयपुर से महाराणा प्रताप के वंशज पधारे। कारगिल शहीद अशोक की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। लक्ष्य राज द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। महाराणा प्रताप के वंशज डॉ लक्ष्यराज मेवाड़ को सामाजिक एवं पर्यावरण क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए 9 गिनीज बुक रिकॉर्ड के लिए नामित किए गए। मेरा गांव मेरा अभिमान के संयोजक नरेश वत्स ने जानकारी दी। जब नरेश वत्स अपने परिवार के साथ सिटी पैलेस उदयपुर में अरविंद सिंह मेवाड़ से मिले थे। तब अरविंद सिंह मेवाड़ ने बिजनौर आने की इच्छा व्यक्त की थी। लक्ष्यराज मेवाड़ ने अपने पिता जी के वचन को पूर्ण करते अपने स्वर्गीय पिता श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के जन्म तिथि 13 दिसंबर को महात्मा विदुर की धरती बिजनौर आकर वचन पूर्ण किया डॉ लक्ष्य राज मेवाड़ का तलवार भेंट कर एवं राज चिन्ह का स्मृति चिन्ह नरेश वत्स एवं मनोज राजपूत द्वारा भेंट कर स्वागत किया गया। पूर्व प्रधान ममता राजपूत द्वारा लक्ष्यराज का तिलक कर स्वागत किया गया।

# क्षेत्राधिकार द्वारा विभिन्न बैंकों में किया गया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह ने 15 दिसंबर को नजीबाबाद के विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया यह चेकिंग थाना नजीबाबाद क्षेत्र अंतर्गत की गई निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरा सुरक्षा व्यवस्था पुलिस कर्मियों अलार्म सिस्टम और आपातकालीन प्रबंधन का जायजा लिया तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों क भी गहनता से निरीक्षण किया संबंधित बैंक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए निर्देश दिए गए यह कदम ग्राहकों और बैंक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया पुलिस द्वारा समय-समय पर बैंकों की चेकिंग की जाती है।

# रामपुर में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी का विंटर कार्निवाल 2025 धमाकेदार अंदाज में आयोजित

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच शहर में गर्माहट और उत्साह का नया तापमान देखने को मिला, जब सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित विंटर कार्निवाल 2025 ने उत्सव पैलेस, कोसी मार्ग को एक दिन के लिए मस्ती का हॉटस्पॉट बना दिया। 14 दिसंबर दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक–हर किसी ने मनोरंजन और उमंग से भरपूर दिन का आनंद लिया। कर्निवल का माहौल तब और भी रोमांचक हो गया जब डांस कंपीटिशन की धुनों पर प्रतिभागी पूरे जोश के साथ थिरकते नजर आए। बच्चों की मासूमियत, युवाओं की एनर्जी और बड़ों का उत्साह–तीनों ने मिलकर मंच को एक शानदार अनुभव में बदल दिया। इसके बाद फैंसी ड्रेस कंपटीशन ने सबका दिल पूरी तरह जीत लिया। छोटे-छोटे बच्चों की प्यारी-प्यारी एक्टिंग से लेकर बड़ों की क्रिएटिव कॉस्ट्यूम तक हर प्रस्तुति पर दर्शक तालियाँ बजाते नहीं थक रहे थे। कर्निवल की ईटेबल स्टॉल्स स्वाद प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं रहीं। गरमा-गरम पकौड़ियाँ, चटपटी चाट, ताजा स्नैक्स, मीठे व्यंजन और घर के बने खास पकवान–हर एक स्टॉल पर भीड़ उमड़ती दिखी। रामपुर के साथ-साथ बाहर के फूड आर्टिस्ट्स ने भी अपने हुनर का स्वाद सबको चखाया। खरीदारी की चाह रखने वालों के लिए यह कर्निवल किसी मेले से कम नहीं था। आकर्षक हैंडीक्राफ्ट, फैशन वियर, सजावटी सामान, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम सहित कई तरह के उत्पादों के स्टॉल्स लगाए गए थे। कई स्टॉल्स पड़ोसी जिलों और शहरों से आए व्यापारियों ने भी लगाए, जिन्होंने अपनी विविधता से लोगों का ध्यान खूब खींचा। कर्निवल का हर कोना मनोरंजन की दुनिया जैसा दिख रहा था। बच्चों के लिए मजेदार गेम्स, युवाओं के लिए लाइव म्यूज़िक और बड़ों के लिए मनोरंजन का सिलसिला लगातार चलता रहा। इसके अलावा दिन भर मिलने वाले सरप्राइज गिफ्ट्स और प्राइजेज ने लोगों की खुशी दुगुनी कर दी।



# स्योहारा पुलिस द्वारा पशु चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर स्योहारा पुलिस द्वारा पशु चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 01 रास भैंस एवं एक कटिया (बच्चा) बरामद की गई है। दिनांक14.12.2025 को वादी सुरेन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह, निवासी सदाफल, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर द्वारा थाना स्योहारा पर एक तहरीर दी गई, जिसमें अज्ञात चोरों द्वारा वादी की भैंस व कटिया चोरी कर लेने की सूचना दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 469/2025, धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

# सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** सीबीएसई से संबद्ध प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था स्ट. एंथनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों तथा विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामपुर की जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) श्रीमती अंजलि अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य ललित शर्मा तथा प्रबंधक डॉ. जुनिता जकी द्वारा पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के माध्यम से ज्ञान, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देते हुए समारोह की औपचारिक शुरूआत की गई। इसके बाद मंच पर प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिकता और शांति से भर दिया। वंदना के बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में विविध गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा।


**Section1**

Office of the Executive Officer, Nagar Palika parishad Modinagar

**Address:-Hapur Road Modinagr**

**Press Notice for Short Term Manual Tender**

Leter No :-1524/NPP Modinagr/2025 Dated:15-12-2025

The Nagar Palika Parishad Modinagar invites the percentage rate bids through ***Manual system*** from the eligible and approved Contarctors registerd with autonomous body/Public Sector Derpartment/ Sate Government/Central Government or any government department in appropriate class as the case may be.

**The Bidder may submit bids for any or all of the works**

1. Name of work as pertable.

| S NO | Name of District | Name of work | Total estimated cost (in Lakh) | Bid security (EMD) | Cost fo Bid document including GST (if any)(in Runees) | Period of completon including rainy season |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गाजियाबाद | Repair of Ips Lins of Sewerage Line in fornt of Ginni Devi School. | 1,34,189.00 | 13900.00 | 200+36=236 | 01 माह |
| 2 | | जगतपुरी खत्ते पर 01 माह के लिए कूड़े का निस्तारण पोकलैन मशीन द्वारा कराये जाने का कार्य। (दरें प्रति घण्टा) (डीजल व भाडा सहित) | 7,61,100-00 | 50000-00 | 800+144=944 | 01 माह |

1. Date of availability of Bid documents in the offices as mentioned in NIT:-15-12-2025 Between 10:00 AM to 2:00 PM,
2. Late Date/ Time for receipt of bids 22-12-2025 upto 02:00 PM in the offices of Nagar Palika Parishad Modinagr and district magistrate offices Ghaziabad
3. Date of opening of bids:22-12-2025 at 03:00 PM
4. Bid documents and other details consisting of eligibility criteria of bidders, plans specifications, drawings, the shedule of quantities of the various classes of work to be done and the set of terms $ conditions of contract to be complied with by the contractor can be contract office Nagar Palika parishad Modinagar.

**Executive Officer**
**Nagar Palika Parishad**
**Modinagar**

**Chairman**
**Nagar Palika Parishad**
**Modinagar**


# पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मंडल में अरविंद विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान पर जिला मंत्री बलराज त्यागी, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के नेतृत्व में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाएं और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन ने कहा कि हम सबको नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य मिलेगा जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करने के लिए उत्सुक और उत्साहित रहता है इसी का नतीजा है कि आज केरल में भी नगर निगम के चुनाव में भाजपा को बहुत सी सीटों पर विजय प्राप्त हुई है भाजपा की रीति नीति संगठन की विचारधारा हमेशा राष्ट्र सर्वोपरि की रही है इसी का परिणाम है कि पार्टी हर जगह विजय हासिल कर रही है चौधरी ईशम सिंह ने कहा की 2022 में उत्तर प्रदेश में कुछ सीटें काम जीत पाए थे मुझे पूर्ण विश्वास है कि 2027 में पार्टी का प्रत्यय कार्यकर्ता पंकज चौधरी जी के नेतृत्व में पार्टी को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा और भाजपा उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से और प्रचंड जीत हासिल करेगी इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के हर्षवाड़ा शक्ति केंद्र संयोजक समीर अहमद बूथ अध्यक्ष अमजद शक्ति केंद्र शेखपुरा गढ़ू के संयोजक दिनेश मेहरा मदन राजपूत अनुज वशिष्ठ जितेंद्र अवनीश कोमल अरविंद विश्वकर्मा नितेश कुमार हेमेंद्र सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे

# आईपीए ने बच्चो के "स्कूल बैग के वजन कम करने के आदेश को लागू कराने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए) ने शिक्षा मंत्रालय (पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में जारी स्कूली बच्चों के स्कूल बैग के भार को कम करने संबंधी दिशा-निदेर्शों को शिक्षा सत्र 2026झ27 से जिले के सभी विद्यालयों में सख्ती से लागू कराने की माँग को लेकर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजियाबाद को एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या के माध्यम से ज्ञापन दिया है।

आईपीए ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि मंत्रालय द्वारा कक्षा-वार स्कूल बैग के अधिकतम वजन की स्पष्ट सीमा निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है। इसके बावजूद जिले के अनेक विद्यालयों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे बच्चों को प्रतिदिन अत्यधिक भारी बैग ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सीमा त्यागी ने कहा कि भारी स्कूल बैग बच्चों के भविष्य पर सीधा प्रहार है। कम उम्र में ही रीढ़, कंधों और गर्दन से जुड़ी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे, अब आवश्यकता है कि उन्हें कागजों तक सीमित न रखकर जमीन पर सख्ती से लागू किया जाए। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी कीमत पर समझौते का विषय नहीं हो सकता। वहीं आईपीए के उपाध्यक्ष श्री विनय कक्कड़ ने कहा कि अधिकांश विद्यालयों में बच्चों से अनावश्यक किताबें, कॉपियाँ और अतिरिक्त सामग्री प्रतिदिन मंगवाई जाती है। यदि समय-सारिणी और पाठ्यक्रम की उचित योजना बनाई जाए तो बैग का वजन स्वतः ही कम किया जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की माँग की, जिससे एक सकारात्मक और स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर आईपीए टीम के राहुल शर्मा , अजय राय , जितेन्द्र कुमार अरोड़ा , टिल्लू चौधरी, अंकित चौधरी , सौरभ कुमार संतराज चौहान , विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में आये वार्डन / स्वयंसेवकों को स्ट्रोक, हार्ट अटैक, हैमरेज व बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत सरकार गृह मंत्रालय, महानिदेशक नागरिक सुरक्षा द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डन/स्वयं क्षमता निमार्ण का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में दिनांक 08.12.2025 से 14.12.2025 तक प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का आयोजन प्रात 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक रामलीला मैदान, कविनगर स्थित जानकी सभागार में किया जा रहा था। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम श्री गुलाम नबी सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा प्रशिक्षण में आये वार्डन / स्वयंसेवकों को स्ट्रोक, हार्ट अटैक एवं हैमरेज तथा बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद की वार्डन सेवा की स्टॉफ आफिसर हताहत सेवा में तैनात डा० प्राची गर्ग द्वारा कृत्रिम श्वसन के प्रकार एवं सी.पी. आर, स्ट्रेचर एवं घायल को ले जाने का तरीका, सी.पी.आर. एवं स्ट्रेचर का अभ्यास विषय पर प्रकाश डाला। उपरोक्त प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा प्रश्नपत्र के माध्यम से ली गयी। प्रशिक्षण के समापन दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) / उपनियंत्रक, एवं चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले वार्डन / स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। तदोपरान्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वार्डन / स्वयंसेवकों का अपर जिलाधिकारी (नगर) / उपनियंत्रक द्वारा उत्सावर्धन किया गया ओर उनसे फीड बैक भी प्राप्त किया गया। उक्त प्रशिक्षण में श्री हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन आरक्षित, श्री दीपक अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन, श्री तुषार शर्मा, आई.सी.ओ. नागरिक सुरक्षा, गाजियाबाद द्वारा अपना विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

- उक्त प्रशिक्षण में श्री हर्ष वर्मा, डिवीजनल वार्डन आरक्षित, श्री दीपक अग्रवाल, डिवीजनल वार्डन, श्री तुषार शर्मा, आई.सी.ओ. नागरिक सुरक्षा, गाजियाबाद द्वारा अपना विशेष सहयोग प्रदान किया गया।
- उक्त के अनुपालन में दिनांक 08.12.2025 से 14.12.2025 तक प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का आयोजन प्रात 10 :00 बजे से सायं 05 :00 बजे तक रामलीला मैदान, कविनगर स्थित जानकी सभागार में किया जा रहा था।

## एसआईआरः सूची जनपद गाजियाबाद की वेबसाइट पर अपलोड

गाजियाबाद। श्री सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम (र.क.फ.) 2026 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में गणना अवधि में दिनांक 10.12.2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर–घर भ्रमण कर चिन्हित किये गये अनुपस्थित मतदाताओं की मतदेय स्थलवार सर्चेबल फार्मेट पर तैयार की गयी सूची जनपद गाजियाबाद की वेबसाइट पर अपलोड की गयी है, जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील है कि कृपया उपरोक्त लिंक पर अनुपस्थित मतदाताओं की सूची में अपना नाम चैक कर लें, यदि आपका नाम उक्त सूची में है और आप मौजूदा मतदाता हैं तो कृपया अपने बी.एल.ओ. से सम्पर्क स्थापित कर गणना प्रपत्र भरकर बी.एल.ओ. को अवश्य प्राप्त करा दें तथा पावती ले लें, उक्त कार्य में लापरवाही न करें।

# प्रेस क्लब ऑफ इंडिया को मिली पहली महिला अध्यक्ष

वेलकम इंडिया






**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) के इतिहास में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब वरिष्ठ पत्रकार संगीता बरुआ पिशारोटी को क्लब की पहली महिला अध्यक्ष चुना गया। यह उपलब्धि न केवल प्रेस क्लब बल्कि भारतीय पत्रकारिता जगत में महिला नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

13 दिसंबर 2025 को संपन्न हुए चुनाव में संगीता बरुआ पिशारोटी के नेतृत्व वाले पैनल ने सभी पदों पर शानदार जीत दर्ज करते हुए 21-0 से क्लीन स्वीप किया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में पिशारोटी को 1,019 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अतुल मिश्रा को 129 और अरुण शर्मा को 89 मतों से संतोष करना पड़ा। महासचिव और उपाध्यक्ष पद पर भी बड़ी जीत

महासचिव पद के लिए अफजल इमाम ने 948 मत प्राप्त कर ज्ञान प्रकाश (290 मत) को बड़े अंतर से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर जतिन गांधी ने 1,029 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी प्रह्लाद सिंह राजपूत को 900 से अधिक मतों के अंतर से शिकस्त दी। वहीं, अदिति राजपूत कोषाध्यक्ष और पी.आर. सुनील संयुक्त सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रबंध समिति के 16 सदस्यों का चयन 16 सदस्यीय प्रबंध समिति के चुनाव में नीरज कुमार ने सर्वाधिक 932 मत प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद अभिषेक कुमार सिंह (911), जहांवी सेन (903), अशोक कौशिक (892), कल्लोल भट्टाचार्जी (882), प्रवीन जैन (878), अग्रज प्रताप सिंह (865), मनोज शर्मा (861), न्यानिमा बसु (851), पी.बी. सुरेश (838), वी.पी. पांडे (833), प्रेम बहुखंडी (831), स्नेहा भूरा (829), जावेद अख्तर (823), रेजाउल हसन लस्कर (781) और सुनील कुमार (780) को समिति का सदस्य चुना गया। परिणामों की घोषणा, पत्रकारों में उत्साह चुनाव परिणामों की घोषणा प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के मुख्य निर्वाचन आयुक्त एमएमसी शर्मा और उनकी टीम द्वारा रविवार शाम प्रेस क्लब परिसर में की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे और विजयी पैनल का स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का बयान चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद संगीता बरुआ पिशारोटी ने कहा कि यह जीत प्रेस क्लब के सदस्यों के उनके पैनल की सोच और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता के मूल्यों के प्रति विश्वास को दशार्ती है।

उन्होंने कहा कि नई टीम प्रेस क्लब को और अधिक समावेशी और सशक्त मंच बनाने के लिए कार्य करेगी। निवर्तमान पदाधिकारियों की प्रतिक्रिया निवर्तमान अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी ने प्रेस क्लब के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम क्लब को और अधिक प्रासंगिक, संवेदनशील और समावेशी बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। वहीं, निवर्तमान महासचिव नीरज ठाकुर ने इसे समानता, विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रेस क्लब की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बताया। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत पर प्रबंध समिति सदस्य अशोक कौशिक की ऐतिहासिक जीत की आधिकारिक घोषणा होते ही बधाई देने वाले पत्रकारों का प्रेस क्लब ऑफ इंडिया पर तांता लग गया और सभी ने पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया।

## कार वर्कशॉप में विवाद के बाद हुई मारपीट, हवाई फायरिंग की

लोनी। इंद्रापुरी कॉलोनी स्थित कार वर्कशॉप में मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान युवक ने हवाई फायरिंग कर दी। मारपीट में घायल हुए युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। जुबैर निवासी प्रेम नगर कॉलोनी की इंद्रापुरी कॉलोनी स्थित शनि मंदिर चौक के पास कार रिपेयर की वर्कशॉप है। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई चांद के साथ सोमवार को वर्कशॉप पर आया था। दिल्ली मुस्तफाबाद निवासी अल्तमश अपने साथियों के साथ वर्कशॉप पर पहुंचा। अल्तमश की चांद के साथ कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। अल्तमश के साथी ने हवाई फायरिंग कर दी। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## गणना अवधि बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर अनुपस्थित मतदाताओं की सूची तैयार की गयी

**गाजियाबाद।** श्री सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम (र.क.फ.) – 2026 के संशोधित कार्यक्रम के तहत गणना अवधि बी.एल.ओ. द्वारा घर–घर भ्रमण कर अनुपस्थित मतदाताओं की सूची तैयार की गयी है, जिसे जनपद की वेबसाइट पर अपलोड की गयी है तथा आज दिनांक 13.12.2025 को जनपद के समस्त मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी, जिसमें मतदेय स्थलवार तैयार की गयी अनुपस्थित मतदाताओं की सूची इस आशय से उपलब्ध करायी गयी है कि उक्त मतदाता सूची को सम्बन्धित बी.एल.ए. को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बन्धित बी.एल.ए. अपने मतदेय स्थल के मतदाताओं की जाँच कर दावे एंव आपत्तियाँ बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा सके।

## 17 दिसम्बर 2025 (बुधवार) को अपरान्ह 12:00 बजे होगा पेंशनर दिवस का आयोजन

**गाजियाबाद।** मुख्य कोषाधिकारी गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि प्रत्येक वर्ष की भांति उ० प्र० राज्य सरकार के निदेर्शानुसार दिनांक 17 दिसम्बर 2025 (बुधवार) को अपरान्ह 12 :00 बजे पेंशनर दिवस कलैक्ट्रेट सभागार में होगा, जिसका समन्वय मुख्य कोषाधिकारी एवं जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में होगा। जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार समस्त विभागाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है, जिससे पेंशनरों की अपने विभाग से सम्बन्धित पेंशन से जुडी हुई समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित हो सके।

## 10 लाख का फर्जी समझौतानामा कोर्ट में पेश करने का आरोप

गाजियाबाद। मसूरी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति अयूब, कलिया पत्नी मंसूर, मंसूर, चचिया ससुर मंजूर निवासी सिवाल खास मेरठ अनसब अली व अकरम निवासी सिकरोडा थाना मसूरी पर कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि पीड़िता के मुताबिक उन्होंने ससुराल पक्ष के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। एक दहेज उत्पीड़न, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का महिला थाने में और दूसरा मुकदमा दुष्कर्म, पिटाई करने व जान से मारने की धमकी देने का मसूरी थाने में दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगों ने एक साथ मिलकर 10 लाख रुपये का एक समझौतानामा तैयार किया जिसमें दिखाया गया कि उसके भाई से उक्त लोगों का 10 लाख में समझौता हो गया है।

# पशु पक्षियों को जाड़े से बचाव की व्यवस्था करें,डॉ एसपी पाण्डेय,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जैसा की आप देख रहे हैं शीत ऋतु का प्रारंभ हो गया है । न्यूनतम तापमान की संभावना बनी हुई है । इस स्थिति में उचित प्रबंधन से पशुओं को शीत ऋतु के प्रकोप से बचना बहुत जरूरी है । शीत लहर के कुप्रभाव से पशुओं का दुग्ध उत्पादन भी कम हो जाता है । बच्चों की वृद्धि रुक जाती है तथा कभी-कभी उचित देखरेख वह प्रबंध न होने से पशु की मृत्यु भी हो जाती है। पशुपालकों के निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे वह आर्थिक क्षति से बच सके ।

- पशु पक्षियों को आसमान के नीचे खुले स्थान में ना रखे, ना बांधे।
- पशुओं को घिरी जगह, छप्पर, सेड के ढके हुए स्थान पर ही रखें।
- विशेष ध्यान रखें की रोशनदान, दरवाजे, खिड़कियों को आवश्यकतानुसार टाट, बोर से ढक दे जिससे सीधी हवा का झोंका पशुओं के पर न पहुंचे ।
- पशु बाड़े में गोबर, मूत्र निकासी की उचित व्यवस्था करें। मूत्र जल भराव ना होने दे।
- बिछावन के लिए पुआल, लकड़ी का बुरादा गन्ने की खोई आदि का प्रयोग करें ।
- पशु पक्षियों को बाड़े की नमी, सीलन से बचाए ।
- पशुओं को रोज ताजा पानी ही पिलाये।
- पशुओं को जूट के बोर का झूल पहनाये। ध्यान रखें कि झूल खिसके नही। अतः झूल नीचे से जरूर बांध कर रखें ।
- आवश्यकता अनुसार पशु बाड़े में अलाव जलाएं ।इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अलाव पशुओं के बच्चों की बहुत से दूर रहे। पशु के बच्चो के गले में रस्सी बांध कर रखे।
- अलाव जलाने पर गैस बाहर निकालने के लिए रोशनदान खोल दें।
- संतुलित पशु आहार दे । पशु आहार में खली, दाना, चोकर की मात्रा को बढाए।
- दिन में धूप निकलने पर पशु को अवश्य ही बाहर खुले स्थान पर धूप में खड़ा करें । नवजात पशुओं को खीस, कोलेस्ट्रम पिलाएं। इससे बीमारी से लड़ने की क्षमता में वृद्धि होती है।
- प्रशव, ब्याने के बाद मां को ठंडा पानी न पिलाकर गुनगुना पानी अजवाइन मिलाकर पिलाएं ।
- भेड़ बकरियों में भी बीमारी फैलने की संभावना बढ़ जाती है । अतः बीमारी से बचाव का टीका अवश्य लगवाये।
- चूजा / मुर्गी के घरों में उचित तापमान हेतु मानक के अनुसार व्यवस्था कर शीत लहर से बचाव के प्रयास करें ।
- गर्भित पशु का विषय ध्यान रखें तथा प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा को ध्यान में रखकर शीत लहर से बचाव करें ।
- ठंड से प्रभावित पशु के शरीर में कपकपी और बुखार के लक्षण प्रकट होते हैं ।अतः तत्काल निकटतम पशु चिकित्सक को दिखाएं । उनसे प्राप्त परामर्श का पूर्ण रूपेण पालन करें ।
- आपदा से पशु की मृत्यु होने पर राहत राशि प्राप्त करने के लिए राजस्व विभाग से संपर्क स्थापित करें ।
- पशु से संबंधित किसी प्रकार की समस्या सुविधा जानकारी के टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें ।
- पशुपालन विभाग की निःशुल्क सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए अपने पालतू पशुओं के कान में टैग लगवाकर सुरक्षित रखे। कांटे नही।

# 18 दिसम्बर, 2025 को आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई में होगा वृहद रोजगार मेले का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद एवं आर० डी० इंजी० कॉलेज, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिनांकः 18 दिसम्बर, 2025 को आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस वृहद रोजगार मेले में टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की कम्पनियों द्वारा 3500 से अधिक विविध पदों के सापेक्ष चयन/साक्षात्कार किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता निम्न प्रकार हैः- योग्यता-हास्कूल से स्नातक/ स्नातकोत्तर, आई०टी०आई०, डिप्लोमा, बी०टेक। आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक। साक्षात्कार का स्थान आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठरोड, दुहाई, गाजियाबाद। वृहद रोजगार मेले के सफल कियान्वयन हेतु जिला सेवायोजन अधिकारी की अध्यक्षता में आर०डी० इंजी० कॉलेज के उच्च अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टल १ङ्घनँ१२ल्लें.४स्त्र.ङ्घ५.ल्ल पर अपना पंजीयन कर वृहद रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते है।

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को समयानुसार प्रातः 10.00 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बायो डाटा (कम से कम 05) की छायाप्रति के साथ वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करें।

